


# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 114 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 23 जनवरी 2026 डाक 24 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए








## त्रिवेणी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अब तक एक करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी



प्रयागराज, 23 जनवरी [एजेंसी]।

प्रयागराज के संगम पर आज शुक्रवार सुबह माघ मेला में वसंत पंचमी स्नान पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। घने कोहरे और ठंड को मात देते हुए लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं। आज 1-2 करोड़ और अगले चार दिनों में साढ़े तीन करोड़ भक्तों के पहुंचने का अनुमान है।

माघ मेला 2026 में वसंत पंचमी के पावन स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। आज सुबह 8 बजे तक लगभग 1 करोड़ 4 लाख भक्तों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। यह संख्या दिन चढ़ने के साथ और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि ब्रह्म मुहूर्त से ही लाखों श्रद्धालु ठंड और कोहरे को मात देते हुए संगम तट पर पहुंचे। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में वसंत पंचमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने सरयू घाट पर पवित्र स्नान किया और पूजा-अर्चना की। मेले में पुलिस, पीएसी, आर ए एफ, बीडीएस, यूपी एटीएस के कमांडो के साथ ही खुफिया एजेंसियां तैनात हैं। माघ मेला क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। वसंत पंचमी से लेकर 26 जनवरी तक चार दिनों में लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं के संगम तट पर आने का अनुमान है। पंचमी के स्नान पर्व पर भी कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा। स्नान घाटों पर जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड कंपनी पीएसी और गोताखोर तैनात किए हैं। मेला प्रशासन ने भी चौथे स्नान पर्व वसंत पंचमी को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। मेला क्षेत्र में साढ़े तीन किलोमीटर लंबे स्नान घाट तैयार किए गए हैं। आज वसंत पंचमी के मौके पर एक से दो करोड़ श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का अनुमान है। वसंत पंचमी के स्नान पर्व पर शुक्रवार सुबह से संगम तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। श्रद्धालु गजकेसरी योग में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। घने कोहरे और ठंड पर श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ रही है।

## बसंत पंचमी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** पूरे देश में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई प्रमुख नेताओं ने देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं सभी देशवासियों को वसंत ऋतु के आगमन पर हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने वाले बसंत पंचमी के पावन पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। आज के दिन विद्या और ज्ञान की देवी, मां सरस्वती की आराधना भी की जाती है। मेरी मंगलकामना है कि यह त्योहार सभी देशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार करे। मां सरस्वती की कृपा से सबके जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलता रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति की सुंदरता और दिव्यता को समर्पित पावन पर्व बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद हर किसी को प्राप्त हो। उनकी कृपा से सबका जीवन विद्या, विवेक और बुद्धि से सदैव आलोकित रहे, यही कामना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को बसंत पंचमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि मां सरस्वती सभी के जीवन में सकारात्मक चेतना का संचार करें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, नवप्रभात, नवसृजन और नवचेतना के उत्सव का पावन पर्व बसंत पंचमी की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। वाणी, विद्या और विवेक की अधिष्ठात्री भगवती मां शारदे से प्रार्थना है कि हम सभी के जीवन में प्रकाश, प्रज्ञा और पवित्र प्रेरणा का संचार करें। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, विद्या, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती हम सभी के जीवन में ज्ञान का प्रकाश भर दें। यह बसंत आपके जीवन से अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर, नई उमंग, ऊर्जा और सफलता लेकर आए।

## शांति बोर्ड में शामिल होकर अपने ही घर में घिरे शहबाज

### विपक्ष का तंज- क्या अब नेतन्याहू संग बैठेंगे



**इस्लामाबाद।** अमेरिका के साथ गलबहियां करने के चक्कर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने ही घर में सवालों के बीच घिर गए हैं। उन्हें विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड की अध्यक्षता में बने शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए शरीफ ने शरीफ ने गुरुवार को हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान समेत 19 देशों के नेताओं ने दावोस में इस समूह के चार्टर के रूप में अपना-अपना नाम दर्ज कराया। इस दौरान जब शहबाज का हस्ताक्षर करने का वक्त आया तो वह ट्रंप के बगल में बैठक मुस्कुराते नजर आए। हालांकि, इस फैसले ने पाकिस्तान के अंदर बवाल मचा दिया। यह शांति बोर्ड क्यों बनाया गया है और इसको बनाने का विचार कहां से आया है। शांति बोर्ड बनाने का विचार सबसे पहले गाजा युद्ध के दौरान आया, जब अमेरिकी ने अपनी शांति योजना को पेश किया।

## चित्रकूट में व्यापारी के बेटे की हत्या

## 40 लाख फिरौती न मिलने पर ली जान, एनकाउंटर में आरोपी ढेर



चित्रकूट, 23 जनवरी [एजेंसी]।

बरगढ़ कस्बे में कपड़ा व्यापारी के 13 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर 40 लाख फिरौती न मिलने पर अपहर्ताओं न उसकी हत्या कर दी गई। किशोर का शव शुक्रवार सुबह घर से कुछ दूर खून से लथपथ अवस्था में मिला। पुलिस व अपहरणकर्ताओं के बीच मुठभेड़ में प्रयागराज के कर्मा का रहने वाला एक आरोपित कल्लू गोली लगने से ढेर हो गया, जबकि दूसरे इरफान के पैर में गोली लगी है। तीसरा भाग निकला। सभी आरोपित कर्मा के ही रहने वाले हैं। घटना से नाराज लोग झांसी-मीरजापुर हाईवे पर जाम लगाकर नारेबाजी कर रहे हैं।

बरगढ़ बाजार में कपड़े की दुकान चलाने वाले अशोक कुमार केसरवानी का पुत्र आयुष गुरुवार शाम करीब छह बजे कोचिंग पढ़ने गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा।

स्वजन ने अपने स्तर से उसकी तलाश शुरू की। देर शाम करीब नौ बजे अपहरणकर्ताओं ने फोन कर 40 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। घबराए स्वजन ने पुलिस को बताया। पुलिस के सक्रिय होते ही अपहरणकर्ताओं ने किशोर की हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह करीब चार आयुष का शव मिलने के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर हैं।

## टिकटॉक ने अमेरिका में कर ली डील, अमेरिकी निवेशक के साथ खुलेगी नई यूनिट, प्रतिबंध का खतरा टला




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने अपनी अमेरिकी परिचालन को चलाने के लिए एक बहुमत अमेरिकी-स्वामित्व वाली संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) की स्थापना को अंतिम रूप दे दिया है। यह कदम चीनी स्वामित्व से जुड़े लंबे समय से लंबित प्रतिबंध को टालने के उद्देश्य से उठाया गया है। नया इकाई TikTok USDS Joint Venture LLC नाम से जानी जाएगी, जो 20 करोड़ से अधिक अमेरिकी यजर्स और लगभग 75 लाख व्यवसायों को सेवा प्रदान करेगी। यह डेटा सुरक्षा, साइबरसुरक्षा, कंटेंट मॉडरेशन और ऐप की सिफारिश एल्गोरिदम के आसपास मजबूत सुरक्षा उपायों के साथ संचालित होगी। समझौते के तहत, अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय निवेशक संयुक्त रूप से संयुक्त उद्यम में 80.1 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेंगे, जबकि टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी ByteDance केवल 19.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी।

## दिल्ली पुलिस ने आतंकी पन्नू के खिलाफ दर्ज की FIR राजधानी में पोस्टर लगवाने का दावा निकला झूठा

नईदिल्ली 23 जनवरी [एजेंसी]।



26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) से पहले दिल्ली पुलिस ने सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने दिल्ली में अशांति फैलाने की कथित साजिश रचने के आरोप में यह कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, बीएनएस की धारा 196, 197, 152 ,61 यानी भारत के खिलाफ साजिश रचने, भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा करना, जैसे आपराधिक साजिश रचने की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है।

पन्नु ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसने दिल्ली में रोहणी और डाबड़ी जगहों पर प्रो खालिस्तान के पोस्टर लगवाए है। वह अपने स्लीपर सेल के जरिए किसी भी तरह की दहशत फैला सकता है, लेकिन स्पेशल सेल की सर्च में अब तक ऐसा कोई पोस्टर नहीं मिला है।

## गैंगस्टर रवि पुजारी मुंबई में गिरफ्तार

## कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा से मांगी थी 50 लाख रुपये की रंगदारी



नईदिल्ली 23 जनवरी [एजेंसी]।

बॉलीवुड कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी लिजेल डिसूजा से जबरन वसूली के आरोप में गैंगस्टर रवि पुजारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गैंगस्टर ने आठ साल पहले 2018 में रेमो डिसूजा से 50 लाख रुपये की डिमांड की थी। गैंगस्टर रवि पुजारी पांच साल पहले सेनेगल से डिपोर्ट किए जाने के बाद से जेल में था। हालांकि, इस मामले में अब तक पुजारी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार, 22 जनवरी को उसे एस्प्लेनेड कोर्ट में पेश किया और कोर्ट ने 27 जनवरी तक उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुजारी ने सत्येंद्र त्यागी के कहने पर डिसूजा परिवार को धमकी दी थी। सत्येंद्र त्यागी का नाम पहले भी इस मामले में आरोपी के तौर पर सामने आ चुका है। गैंगस्टर रवि पुजारी ने अक्टूबर 2016 से फरवरी 2018 के बीच कई बार रेमो डिसूजा, उनकी पत्नी और उनके मैनेजर को फोन करके धमकी दी। पुजारी ने कथित तौर पर डिसूजा पर फिल्म डेथ ऑफ अमर को जल्दी रिलीज करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश की और मामले को सुलझाने के लिए 50 लाख रुपये की मांग की।

## रायपुर में बैंककर्मी से 20 लाख की ठगी दो सगी बहनों के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में जमीन बेचने के नाम पर एक बैंककर्मी से 20 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का आरोप है कि बैरन बाजार स्थित भूखंड को बेचने का सौदा कर सगी बहनों ने एडवांस रकम ले ली, लेकिन तय समय में रजिस्ट्री नहीं कराई और अब टालमटोल कर रही हैं। पीड़ित का नाम विजय पटेल और आरोपियों का नाम शहनाज खान और शफिका खान बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस मामले में जांच कर रही है। स्टेट बैंक कॉलोनी फाफाडीह रायपुर निवासी बैंककर्मी पीड़ित विजय पटेल (44) ने पुलिस को बताया कि बैरन बाजार निवासी शहनाज खान और शफिका खान से उनकी जमीन खरीदने का सौदा किया था। इसके लिए बैरन बाजार रायपुर स्थित अपने भूखंड क्रमांक 16/05 और 18/05 (कुल रकबा 2604 वर्गफुट) को 1 करोड़ 40 लाख रुपए में बेचने का एग्रीमेंट हुआ था। इस सौदे के तहत 18 जुलाई 2025 को 20 लाख रुपए बयाना राशि दी गई, जिसमें 15 लाख रुपए नकद और 5 लाख रुपए चेक के माध्यम से दिए गए। एग्रीमेंट में तीन महीने के भीतर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य था, लेकिन तय समय सीमा बीतने के बावजूद आरोपियों ने रजिस्ट्री नहीं कराई। पीड़ित लगातार संपर्क करता रहा, लेकिन आरोपियों ने हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर टालमटोल की।

## पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी, दिल्ली-एनसीआर में छाया अंधेरा, कई फ्लाइट्स रद और हाईवे ब्लॉक



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत देश के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार सुबह-सुबह मौसम अचानक करवट बदल दी है। दिल्ली-एनसीआर में जहां सुबह सुबह झमाझम बारिश हुई, वहीं, शिमला-मनाली में में इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। इसके अलावा जम्मू कश्मीर के भी कई पर्वतीय हिस्सों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार सुबह-सुबह दिल्ली-एनसीआर में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। शुक्रवार सुबह-सुबह कई हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, यहां आज आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की-फुल्की बारिश हो सकती है। दोपहर या शाम के समय हल्की से मध्यम बारिश का एक और दौर आने की संभावना है। बारिश और तेज हवाओं के कारण दिल्ली-एनसीआर के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। कश्मीर घाटी में शुक्रवार को हुई ताजा बर्फबारी ने पूरे इलाके को सफेद चादर में ढक दिया। बर्फबारी का असर हवाई और सड़क यातायात पर देखने को मिल रहा है। बारिश और बर्फबारी के कारण हीं घाटी की प्रमुख सड़कों पर भी हालात बिगड़ गए। फिलहाल जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को नवयुग टनल के पास एहतियातन बंद कर दिया गया है।

वहीं, मुगल रोड और सिंथन रोड भी कई जगहों पर बर्फ जमने के कारण बंद हैं। ट्रैफिक पुलिस ने फिसलन और सुरक्षा कारणों से ट्रैफिक को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है। कश्मीर घाटी के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग और कुछ अन्य क्षेत्रों में भी ताजा बर्फबारी हुई, वहीं श्रीनगर और अन्य मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलीं।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## नोएडा में कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल से मची अफरा-तफरी, जांच में जुटे अधिकारी



नोएडा, 23 जनवरी [एजेंसी]।

नोएडा के कुछ निजी स्कूलों को ई-मेल के माध्यम से धमकी मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया है। इस गंभीर घटना के तत्काल बाद, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। विभिन्न थानों से पुलिस बल, बॉम्ब स्क्वाड, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड और बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ता) की टीमों को तुरंत प्रभावित स्कूलों में भेजा गया है। इन विशेष टीमों द्वारा स्कूलों के परिसरों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी संभावित खतरे का पता लगाकर उसे निष्क्रिय किया जा सके। धमकी भरे ई-मेल की तकनीकी जांच के लिए साइबर सेल की टीम भी पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। यह टीम ई-मेल के स्रोत का पता लगाने, भेजने वाले की पहचान करने और इसके पीछे की मंशा को समझने का प्रयास कर रही है। इस तकनीकी जांच से यह स्पष्ट हो सकेगा कि क्या यह कोई वास्तविक खतरा है या केवल एक अफवाह फैलाने का प्रयास। पुलिस सभी संभावित कोणों से जांच कर रही है और किसी भी प्रकार की चूक से बचना चाहती है। अधिकारियों ने जनता को आश्वस्त किया है कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। जिन स्थानों पर चेकिंग की जा रही है, वहां पूर्णतः शांति व्यवस्था स्थापित है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की कड़ी अपील की गई है। पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि वे नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तत्पर हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत किया जा रहा है।

### धार भोजशाला में 10 साल बाद पूजा और नमाज एक ही दिन, 8000 पुलिसकर्मी तैनात

**नई दिल्ली 23 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला में वसंत पंचमी पर सूर्योदय के साथ ही मां वाग्देवी का पूजन शुरू हो गया है। सुबह वेदारंभ संस्कार के साथ की इसकी शुरुआत हो गई है। वहीं दोपहर में परिसर में एक बजे से तीन बजे तक मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह स्पष्ट है कि दोनों समुदाय के आयोजन पृथक-पृथक स्थान पर होंगे। पूजा-अर्चना निर्विघ्न होगी। मुस्लिम समाज को अलग स्थान दिया गया है। ऐसे स्थान की तलाश में प्रशासन ने स्वयं सर्वे किया है।



## ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर ने हराया सतना को

**कोरबा।** मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी, कोरबा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन सेंट्रल स्टेडियम, एसईसीएल में छुरूस सतना,मध्यप्रदेश विरुद्ध मनीग्रीव क्रिकेट एकेडमी रायपुर के मध्य खेला गया।जिसमें मनीग्रीव क्रिकेट एकेडमी रायपुर विजय रहा प्रथम मैच के मुख्य अतिथि देवेंद्र गुप्ता व विशिष्ट अतिथि सुशील गर्ग उपस्थित रहे व पहले मैच के मैन ऑफ द मैच यश जौलकर रहे।दूसरा मैच रॉकेट इंटरनेशनल करीम स्पोर्ट्स नागपुर विरुद्ध रांची, झारखंड के मध्य खेला गया जिसमें रांची, झारखंड विजय रहा।दूसरे मैच के मुख्य अतिथि सी एन साय मुख्य अभियंता,कोरबा व मैन ऑफ द मैच आदर्श विशाल रहे।दोनों मैच के अंपायर राम दास महंत, बलवीर सिंह सोढ़ी, भूपेंद्र भूषण दास, नरेंद्र सोनू व स्कोरर नमन निराला रहे।इस अवसर पर विकास सिंह अध्यक्ष,मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी, अशोक लोध , सुनील शर्मा ,महेंद्र सिंह ,अनिल प्रजापति , पवन विश्वकर्मा, राकेश पंकज,असलम खान,बृजभूषण प्रसाद, अमित सिंह व भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं दर्शकगण उपस्थित रहें।

## अखबार वितरक संघ ने शासकीय कार्यालयों व संस्थानों में अखबार अनिवार्य करने की रखी मांग




**कोरबा।** जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं स्कूल कॉलेजों में दैनिक समाचार पत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि अखबार स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की जानकारी का सशक्त माध्यम हैं, जिससे विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान और बौद्धिक विकास में वृद्धि होती है तथा अधिकारी-कर्मचारी भी समसामयिक विषयों से अपडेट रहते हैं। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ से जुड़े वितरकों की आजीविका का मुद्दा भी उठाया गया। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव से अखबार प्रसार घट रहा है, जिससे वितरकों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है।
कलेक्टर से आग्रह किया गया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अखबारों की अनिवार्यता संबंधी आदेश जारी किए जाएँ, ताकि सूचना का प्रसार और रोजगार दोनों को संबल मिल सके।
इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, संयोजक तपेश्वर राठौर एवं राय सिंह उपस्थित रहे।

## भाटापारा इस्पात संयंत्र हादसा : श्रम मंत्री देवांगन ने जताया गहरा शोक

### घायलों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**कोरबा।** प्रदेश के श्रम उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकुलाही स्थित इस्पात संयंत्र में हुए दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। क्लिनिकल फर्नेस के



दौरान हुए विस्फोट में श्रमिकों के असामयिक निधन को अत्यंत दु:खद बताते हुए उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हादसे में गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को बेहतर उपचार हेतु सिम्स, बिलासपुर में भर्ती कराया जा रहा है। उन्होंने जिला-प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घायलों को हर संभव उत्तम एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके उपचार में किसी प्रकार की कमी न रहे। श्रम मंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।



## नपा अध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण

### दीपका में बनेगी चौपाटी

**कोरबा।** जिले के दीपका नगर पालिका परिषद में नगर विकास से जुड़े कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत के नेतृत्व में मटन मार्केट निर्माण, चौपाटी निर्माण एवं बस स्टैंड संचालन से संबंधित प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया गया।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता, पीआईसी मेंबर एवं वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी, नगर पालिका इंजीनियर आदित्य सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्यों की प्रगति एवं संभावनाओं का जायजा लिया। अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर निविदा जारी की जाए, ताकि कार्यों का जल्द शुभारंभ किया जा सके।निरीक्षण के अवसर पर पार्षद इस्तखार अली, हिमांशु देवांगन, धर्म तिवारी, राजेंद्र साहू सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और दीपका के विकास को नई गति मिलेगी।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर कुणाल ने सीएसईबी ग्राउंड का किया निरीक्षण



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने आज गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में सीएसईबी ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग, झांकी के एंट्री-एक्जिट प्लान एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने निगमायुक्त श्री आशुतोष पांडेय को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।परेड में सीआईएसएफ, पुलिस, नगर सेना एवं एनसीसी, स्काउट गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी। समारोह सुबह नौ बजे शुरू होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियो सहित विभिन्न विभागों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। जनपद कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में नगरीय निकाय के महापौर या अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहरण किया जाएगा।

## सारंगढ़ में 8 फरवरी को जुटेगा सतनामी समाज, प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ गुरु घासीदास मिनीमाता सतनामी समाज विवाह समिति एवं समस्त सतनामी समाज सारंगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 फरवरी 2026 रविवार को एक भव्य प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है यह कार्यक्रम सारंगढ़ स्थित ज्ञान स्थल पुष्प वाटिका (कलेक्टर परिषद के पास) में सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगा । इस भव्य सामाजिक समागम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब होंगे उनकी उपस्थिति समाज के युवाओं और परिवारों के लिए प्रेरणादायी होगी कार्यक्रम में प्रदेश भर से समाज के प्रतिष्ठित नागरिक और प्रतिनिधि शामिल होंगे । समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आज के भागदौड़ भरे समय में परिवारों को योग्य जीवनसाथी खोजने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है यह मंच समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के साथ-साथ विधवा विधुर एवं वैधानिक रूप से तलाकशुदा भाई-बहनों को भी पुनर्विवाह के जरिए नए जीवन की शुरुआत करने का अवसर प्रदान करेगा ।

# मेडिकेयर स्कीम से अधिकारी-कर्मचारी के इलाज रिस्क कवर में अंतर

### अधिकारियो के लिए सालाना 25 लाख तो कर्मचारी को मिल रहा 8 लाख का कवर

**कोरबा ।** कोल इंडिया की सहयोगी कंपनियों से सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को मुफ्त इलाज की सुविधा दिलाने कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकेयर स्कीम (सीपीआरएमएस) को लागू किया है। सेवानिवृत्त होने पर स्कीम से चिकित्सकीय इलाज का लाभ लेने एक बार 40 हजार रुपए का अंशदान कर्मचारियों को देना होता है। इसके बाद सालाना 8 लाख रुपए तक इलाज की सुविधा मिलती है। रिटायर्ड कोयला कर्मियों से अधिकारियो की मेडिकेयर स्कीम से इलाज में रिस्क कवर अधिक है।

कोल इंडिया के इंपैनल चिकित्सालयो में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को मेडिकेयर स्कीम से मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। बशर्ते सीपीआरएमएस स्कीम का सदस्य हो। अधिकारी वर्ग के लिए अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में इनडोर इलाज के लिए खर्च की सीमा 25 लाख रुपए और आउटडोर इलाज पर दवाइयां व अन्य जरूरी टेस्ट की जरूरत पडने़ पर खर्च की सीमा सालाना 36 हजार रुपए निर्धारित किया है। इसी तरह कर्मचारी वर्ग के लिए इनडोर इलाज के लिए 8 लाख और आउटडोर इलाज की खर्च सीमा 25 हजार रुपए सालाना खर्च की सीमा तय है। इस तरह मेडिकेयर स्कीम में इलाज में मिलने वाली मेडिकल कवर में अफसर-कर्मियों के बीच राशि का बड़ा अंतर है। इनडोर इलाज में 17 लाख रुपए और आउटडोर इलाज में 11 हजार रुपए का अंतर है। इस मुद्दे को यूनियन नेताओं ने कोल इंडिया प्रबंधन की कई बैठकों में भी उठाया गया, मगर सेवानिवृत्त अधिकारियों की संख्या कम होने से रिस्क कवर की राशि अधिक होने का हवाला देकर अब तक कर्मचारियों के इलाज की खर्च सीमा में बढ़ोतरी नहीं की गई है। दूसरी ओर एसईसीएल समेत दूसरे सहयोगी कंपनियों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या बढने़ से सीपीआरएमएस में सदस्य संख्या बढ़ी है। जानकार बताते हैं कि मेडिकेयर स्कीम का लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलता रहे, इस पर सीपीआरएमएस फंड का कोष बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि साल 2031 तक ही फंड से इलाज की सुविधा मिल पाएगी। इसकी वजह अंशदान से कई गुणा ज्यादा निकासी है।

मेडिकेयर स्कीम में वन टाइम अंशदान प्रति कोयला कर्मी 40 हजार और कोल इंडिया की ओर से प्रति कर्मी 18 हजार रुपए दिया जाता है। यूनियन नेताओं ने कहा कि रिटायर्ड कर्मियों के इलाज में रिस्क कवर बढ़ाना चाहिए, ताकि इलाज में खर्च सीमा की अंतर राशि कम हो। कोयला खदानों में जोखिम भरा कार्य कर्मचारियों को करना पड़ता है। इससे बढ़ती उम्र में गंभीर बीमारी की चपेट में आने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। अधिकारियों की तुलना में कर्मचारियों की इलाज में रिस्क कवर काफी कम है। पूर्व में इस मुद्दे को संगठन की ओर से कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष उठाया भी गया था। अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## 25 जनवरी को सीएसईबी-पूर्व मैदान में होंगे अंडर-15 एवं 19 महिला क्रिकेट टीम के चयन परीक्षण

**कोरबा ।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार कोरबा जिले में भी 25 जनवरी को अंडर-15 एवं 19 बालिका/महिला क्रिकेट टीम का चयन परीक्षण (सलेक्शन ट्रायल्स) सीएसईबी कोरबा-पूर्व मैदान में प्रात: 10:30 बजे से रखा गया है। बताया जा रहा हैं की राज्य क्रिकेट ने निर्देशानुसार सिलेक्शन ट्रायल्स में कट ऑफ डेट अंडर-15 वर्ग हेतु 01.09.2011 से 31.08.2014 होना आवश्यक है। अंडर-19 वर्ग हेतु 01.09.2007 रखा गया है।सलेक्शन ट्रायल्स में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपना पंजीयन कराना और दस्तावेज प्रस्तुत करना अति आवश्यक है। जिसके अंतर्गत जिला क्रिकेट संघ का पंजीयन, 02 नग नवीनतम पासपोर्ट साईज कलर फोटोग्राफ, पिछले 06 वर्षों की अंकसूची का कलर प्रिंट, डिजीटल (क्यू.आर. कोड सहित) एवं मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र, पी.वी.सी. आधार कार्ड (नवीनतम फोटो सहित) आदि हैं। चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले खिलाडियों को स्वयं के कीट में उपस्थित होना आवश्यक है। कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कोरबा जिले के लिए चयन में शामिल होने वाले समस्त महिला क्रिकेट खिलाड़ियो की चयन प्रक्रिया में बतौर चयनकर्ता श्रीमती सोनाली सेनापति, सुश्री चंचल, युवराज सिंह, विशाल दुबे (कोच) उपस्थित रहेंगे। 25 जनवरी को सीएसईबी मैदान बुधवारी कोरबा में समय पर उपस्थिति होना सुनिश्चित की जा सके। चयन संबंधी किसी भी जानकारी के लिए कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बी.बी. साहू 87704-40876 से संपर्क किया जा सकता हैं।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर में 29 जनवरी से

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में 'राज्य स्तरीय रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु कोरबा जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 31 जनवरी शनिवार को निर्धारित है। जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15000 पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जायेगा। उक्त रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु वेबसाईट में रोजगार पंजीयन एवं राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन दोनों आवश्यक है। साथ ही इच्छुक रिक्त पदों को चयन करें। जिन आवेदकों ने रोजगार पंजीयन एवं राज्य स्तरीय रोजगार मेला में पंजीयन नहीं किया है वे वेबसाईट में अपना पंजीयन करवा सकते हैं। कोरबा जिले के आवेदक 31 जनवरी शनिवार को अपना समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साईज फोटो रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा के दूरभाष नंबर 07759-222069 पर संपर्क किया जा सकता है।

## किसानों के हित में कारगर धान खरीदी व्यवस्था, कोरबा में दिखा सकारात्मक असर

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था को सरल, सुगम और पारदर्शी स्वरूप दिया गया है। सुव्यवस्थित प्रक्रिया के कारण किसानों को अब धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है और उन्हें संतोषजनक



अनुभव प्राप्त हो रहा है।कोरबा जिले में भी इस व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उपार्जन केंद्रों पर बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध तौल और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता से किसानों में उत्साह का माहौल है। खेत से केंद्र तक की प्रक्रिया अब उनके लिए बोझ नहीं, बल्कि विश्वास और राहत का माध्यम बन गई है।इसी क्रम में ग्राम धनगांव निवासी कृषक श्री शिवराज सिंह, पिता श्री दिगपाल सिंह, 180 क्विंटल धान लेकर सोनपुरी धान उपार्जन केंद्र पहुंचे, जहां उनके द्वारा धान बिना किसी बाधा के विक्रय किया। उन्होंने बताया कि समिति के माध्यम से उन्हें समय पर टोकन प्राप्त हुआ, जिससे विक्रय की प्रक्रिया सहज रही। श्री सिंह ने पिछले वर्ष भी लगभग 350 क्विंटल धान का विक्रय किया था। उनके पास 16 एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर वे नियमित रूप से खेती करते हैं। कृषक श्री सिंह ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपार्जन केंद्र पर पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही है। समय पर तौल, आवश्यक सुविधाएं और सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा सर्वाधिक समर्थन मूल्य किसानों के हित में प्रभावी कदम है।

# पाली महोत्सव की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न

**कोरबा ।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र पाली में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय 'पाली महोत्सव-2026' की पूर्व तैयारियों को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई।



कलेक्टर ने बताया कि आयोजन को गरिमामय बनाने के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को मंच प्रबंधन, सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और बेरीकेडिंग जैसी आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। महोत्सव के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाली महोत्सव के दौरान राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसके लिए कलाकारों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है तथा शीघ्र ही चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष भी साइकिल मैराथन आयोजित होगी। बच्चों के लिए गेमिंग जोन, एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियों की तैयारी के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा किया गया। साथ ही महोत्सव में रेस्टोरेंट एवं व्यावसायिक स्टॉल लगाने के इच्छुक लोगों से संपर्क करने की बात कही।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने स्थानीय लोक कलाकारों को अधिक अवसर देने, पाली के शिव मंदिर परिसर को दीपों से सजाने, दीपोत्सव आयोजन, पाली मेले के दौरान कृषि मेले के आयोजन तथा महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु फ्लेक्स व बैनर लगाने का सुझाव दिया।इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर कटघोरा श्री ओंकार यादव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. जागरूकता अभियान में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान का दिया मजबूत संदेश

**कोरबा ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कड़ी में 22 जनवरी को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा की स्वीप एवं एन.एस.एस. टीम की छात्राओं ने बुधवारी बाजार, जे.पी. कॉलोनी, एस.ई.सी.एल. कॉलोनी, काशीनगर, निहारिका क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान का मजबूत संदेश दिया। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के स्वीप टीम के युवा छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा निष्पक्ष निर्वाचन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति कर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी कोरबा सतीश प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महाविद्यालयीन छात्राओं का उत्साहवर्धन कर मतदाता जागरूकता एवं एस.आई.आर. जागरूकता के कार्यों में योगदान देने की सराहना की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को जिले में संचालित किये जा रहे विशेष गहन



पुनरीक्षण एस.आई.आर. के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाने की विस्तार से जानकारी दी। नोडल अधिकारी श्री सिंह ने उपस्थित लोगों से अनिवार्य रूप से अपने मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ. से संपर्क कर अपने नाम का परीक्षण करने एवं किसी प्रकार की त्रुटि सुधार करने के लिए दावा-आपत्ति करने के लिए प्रेरित किये।

कार्यक्रम में सतीश प्रकाश सिंह सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी कोरबा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन की जानकारी देते हुए मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व बताया तथा 16वां छटक् का थीम ''मेरा भारत मेरा वोट'' (माई इंडिया माई वोट) तथा टैगलाईन इंडियन सिटिजन एट दी हीट आफ इंडियन डेमोक्रेसी के संबंध में अवगत कराया।

कार्यक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय मिनीमाता कॉलेज के स्वीप नोडल प्रोफेसर डॉ. विनोद साहू, सहायक प्राध्यापकगण-कल्याणी ध्रुव, वर्षा तंवर, मोनिका मिंज, अनिमा तिर्की, अभय राम महिलांगे, डा. उषा लहरे, डॉ. श्वेता पाठक, डॉ. विनय मिश्रा, मंजू पटेल, रेनुका चंद्रा, शिव द्विवेदी, स्वीप कैम्पस एम्बेसडर रीना सूर्यवंशी, गुनगुन श्रीवास, सीतारा, मनीशा, करिश्मा, पुष्पांजली, गीतानिया, शैली, कीर्ति, अंजू, नम्रता, कामिनी, अंशु, पौयिता, हीना, चांदनी, नैना सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस:

## जिले में मतदान केंद्रों से लेकर महाविद्यालयों तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**कोरबा ।** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आगामी 25 जनवरी 2026 को पूरे कोरबा जिले में 16वां 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' (एनव्हीडी) गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन प्रात: 11 बजे से शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा में निर्धारित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में लोकतंत्र की मजबूती और मतदाता जागरूकता के इस महापर्व को जिले के प्रत्येक कोने तक पहुँचाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के समस्त विकासखंडों, तहसीलों, संकुलों तथा सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सभाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों, मतदान केंद्रों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी स्थानों पर उपस्थित जनसमूह और शासकीय अमले को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ना तथा उन्हें अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों और संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने परिसरों में निर्धारित समय पर मतदाता शपथ ग्रहण का कार्यक्रम सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन के पश्चात संबंधित संस्थाओं को कार्यक्रम की फोटोग्राफ्स, वीडियो और पालन प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करना होगा। प्रशासन ने जिले के सभी प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं से अपील की है ।

## उपभोक्ता सशक्त होगा तभी राष्ट्र सक्षम होगा: ग्राम पंचायत भटगांव में उपभोक्ता जागरूकता शिविर संपन्न

### कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारो की दी गई जानकारी

**कोरबा ।** कोरबा छ.ग. राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा द्वारा प्रतिमाह कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भटगांव में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की जानकारी दी गई।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि उपभोक्ता कौन है व उपभोक्ता के अधिकार क्या है ? उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात



वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। अपने हित के विरुद्ध संविदा से परेशान होने पर वे ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से घर में बैठकर ही ई-फाइलिंग के माध्यम से जिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् आयोग के द्वारा ई-हियरिंग के माध्यम से वाद की सुनवाई का अधिकार भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला आयोग में शिकायत दायर करने के लिए वाद मूल्य के आधार पर पंजीयन शुल्क 5 लाख तक शून्य, 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम पर 200 रू फीस, 10 लाख से अधिक 20 लाख से कम की फीस 400 रू, 20 लाख से अधिक और 50 लाख से कम की फीस 1000 रू होगी, की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने की बात कही। आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए यह भी बताया कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों एवं हितों के लिए सतर्क रहना होगा एवं स्वयं जागरूक होना होगा, तभी जागो ग्राहक जागो की सार्थकता सिद्ध होगी। इस दौरान उपस्थित महिलाएं एवं अन्य ग्रामीणों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। शिविर के दौरान आयोग के कर्मचारीगण मनीराम श्रीवास, राजेश्वर इंगले, आनंद सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत भटगांव के सरपंच श्रीमति पूजा राठिया, सचिव सुरेश खुंटे, उपसरपंच प्रतिनिधि इरफान मेमन, गांव के गणमान्य नागरिक मंगल सिंह राठिया, श्याम लाल राठिया, बजरंग सिंह, चंपा कंवर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक घनश्याम कंवर बहुसंख्या में महिलाएं, बच्चे व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# किसानों को टोकन नहीं मिलने पर विधायक ने ली जानकारी



**अकलतरा।** पकरिया (लटिया) धान खरीदी केंद्र में किसानों के टोकन नहीं काटे जाने की शिकायत मिलने पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह सुबह 11 बजे केंद्र पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से बातचीत की।

किसान दिनेश सिंह ने बताया कि टोकन नहीं काटे जाने से किसान धान बेच नहीं पा रहे हैं। राजस्व और सहकारिता विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर उच्च अधिकारियों के निर्देश का हवाला देकर टोकन काटने से इनकार किया जा रहा है। अभिषेक सिंह ने बताया कि किसानों को धान बेचने केंद्र पहुंचने पर अधिकारी धान का सत्यापन करने की बात कह रहे हैं। घर तक जाकर दबाव बनाने और धान समर्पित करने की मजबूरी बताई जा रही है। जयप्रकाश साहू ने कहा कि घर में जगह कम होने से किसान धान अलग-अलग स्थानों पर रख रहे हैं, लेकिन अधिकारी इसे सत्यापन में नहीं मानते और धान खरीदने से मना कर देते हैं। टोकन नहीं मिलने से किसान परेशान हैं।

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने केंद्र में मौजूद अतिरिक्त तहसीलदार शालिनी तिवारी, नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता, सहकारिता विभाग की उपपंजीयक मंजू पांडेय, नोडल अधिकारी अमित साहू और सहकारिता विस्तार अधिकारी अमर राठौर को फटकार लगाई।

उन्होंने पूछा कि किस अधिकारी ने टोकन नहीं काटने का निर्देश दिया है। उन्होंने किसानों को तत्काल टोकन जारी करने और भौतिक सत्यापन के नाम पर उन्हें परेशान न करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त तहसीलदार ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि होने के बाद तीन दिनों के भीतर 64 किसानों के टोकन जारी कर सत्यापन किया जाएगा। विधायक ने तीन दिनों के भीतर सभी 64 किसानों के टोकन काटने और किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने को कहा। धान खरीदी केंद्र में सरपंच राशिक बिहारी सिंह, किसान सुरेश राज, धीरज सिंह, अंकित सिंह सिसोदिया, हर्षवर्धन सिंह, अविनाश साहू, पंकज श्रीवास, रवि सेन, कैलाश कैवर्त, नंदकिशोर साहू, मनोज साहू, घनश्याम गोंड और अन्य किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राहौद में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**राहौद।** राहौद नगर के गादीदाई वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान



यज्ञ का आयोजन 23 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है।कथा वाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा सुनाएंगे। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सुंदर वर्णन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होगा और धर्ममय वातावरण बनेगा। कथा आयोजन को लेकर मोहल्ले में भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक चंदेल परिवार ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## प्रयागराज में माघ मेला के दौरान हुए घटनाक्रम पर रश्मि ने जतायी चिंता

**हसौद।** जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती के अध्यक्ष रश्मि गवेल ने प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोकने और उनके साथ हुए व्यवहार की निंदा की है। हसौद रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि खुद को हिंदुओं का हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार हिंदू संतों का अपमान कर रही है। स्थिति यह है कि शंकराचार्य अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित हैं और पिछले 36 घंटे से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक उनसे बातचीत का कोई प्रयास नहीं किया गया। शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान बताया गया।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस परंपरा से रोका गया है। गवेल ने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक निरंतर चलने वाली परंपरा है। भाजपा सरकार ने उन्हें स्नान से रोककर सनातन परंपरा का अनादर किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से केंद्र में है और हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है। इसके बावजूद आज वही सरकार शंकराचार्य और उनके समर्थकों के साथ व्यवहार कर रही है। आरोप है कि उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा गया।

उन्होंने सवाल किया कि शाही स्नान जैसी सदियों पुरानी परंपरा को रोकने का अधिकार किसी सरकार को कैसे मिला, जबकि इसे न मुगलों ने रोका और न अंग्रेजों ने। उन्होंने कहा कि एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जाती है, दूसरी ओर शंकराचार्य के समर्थकों के साथ व्यवहार किया जाता है। इस अवसर पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव, हसौद ब्लाक अध्यक्ष कुशल कश्यप, जैजैपुर ब्लाक अध्यक्ष गोपाल भारद्वाज, भोजराम हरवंश, तोशिबा आनंद लायन, लकेश्वरी लहरे, सीताबाई जाटवर, छोटूदास महंत, हरि खटर्जी, दादू सोनवानी आदि मौजूद थे।

## एमडीएम से बिगड़ी हालत, अस्पताल में भर्ती

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में मध्याह्न भोजन खाने के बाद 12 छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टी, पेट दर्द और सिर दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद सभी को उपचार के लिए पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

बच्चों का उपचार जारी है और उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। मध्याह्न भोजन के नमूने भी जांच के लिए भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट दो से तीन दिनों में आने की उम्मीद है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में कुल 127 बच्चों ने मध्याह्न भोजन किया था। इनमें से 12 बच्चों की तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजनों को सूचित कर बच्चों को सीएचसी अस्पताल पामगढ़ में भर्ती कराया गया। गुरुवार को मध्याह्न भोजन में पत्ता गोभी की सब्जी और मिक्स अचार परोसा गया था।



आशंका जताई जा रही है कि मिक्स अचार खाने से बच्चों की तबीयत बिगड़ी होगी। फूड इंस्पेक्टर को भोजन के नमूने जांच के लिए दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही फूड पॉइजनिंग के वास्तविक कारण का पता चल पाएगा। इस रिपोर्ट में कम से कम दो से तीन दिन का समय लगने की बात कही गई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीएमओ रश्मि धीरही ने बताया कि कुछ बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और सिर दर्द की शिकायत थी। सभी बच्चों का उपचार किया गया है और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। दो से तीन बच्चों के परिजन उन्हें अस्पताल से ले जा चुके हैं।

## 210 परिवारों की मूलधर्म में वापसी



**जांजगीर-चांपा।** जिले के चांपा नगर में एक हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। परशुराम चौक स्थित भाले राव स्टेडियम में हुए इस सम्मेलन में अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान 210 मतांतरित परिवारों की विधिवत घर वापसी कराई गई। इस अवसर पर हवन-पूजन किया गया और परिवारों के पैर धोकर उन्हें धार्मिक ग्रंथ भेंट किए गए। सम्मेलन का उद्देश्य जात-पात में बंटे हिंदुओं को एकजुट कर सनातन धर्म की ओर वापसी के लिए प्रेरित करना था।

धर्म जागरण से जुड़े अखिल भारतीय पदाधिकारी और अन्य वक्ताओं ने हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों और सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने परिवारों से अपील की कि वे किसी प्रलोभन या बहकावे में आकर अपना धर्म न बदलें और अपनी देवी-देवताओं व परंपराओं से जुड़े रहें।

प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि देश में धर्म परिवर्तन कराने की गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भय दिखाकर और अब प्रार्थना सभाओं के माध्यम से प्रलोभन देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस विषय में राज्य सरकार से कड़े कानून बनाने को लेकर चर्चा हुई है और आगामी सत्र में धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त प्रावधान लागू होने की उम्मीद है।

सम्मेलन में शामिल होकर घर वापसी करने वाले परिवारों ने कहा कि वे अब किसी भी प्रकार के बहकावे में नहीं आएंगे और सनातन धर्म के मार्ग पर चलेंगे। हिंदू धर्म जागरण संगठन ने भविष्य में नगर, जिला और प्रदेश स्तर पर ऐसे सम्मेलन आयोजित करने, गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाने और अधिक से अधिक मतांतरित परिवारों की घर वापसी कराने की योजना की घोषणा की।

## केसला में नवधा रामायण के पहले दिन निकली यात्रा

**रिगनी-खरौद।** ग्राम पंचायत केसला मंडली चौक, केसला में अखंड नवधा



रामायण समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा मंडली चौक से शुरू होकर विभिन्न चौक-चौराहों से होती हुई काजी नाला पहुंची। वहां जल भरकर श्रद्धालु पंडाल स्थल पर पहुंचे। समारोह के व्यास पंडित संतोष पांडे हैं। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा और पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा।

## प्रभात फेरी के साथ लोगों को जोड़ने की कोशिश

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा में मंगलवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक चेतना का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब एक मुट्ठी अन्न दान का संदेश देते हुए नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। ठंड भरी सुबह के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों के साथ पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

प्रभात फेरी में ढोल-मंजीरे, झांझ, डफली और करताल की गूंज के बीच श्रद्धालु भगवान के भजनों का गायन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले। पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। श्रद्धालु हाथों में झंडे और



धार्मिक प्रतीक लिए हुए नगर की सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे थे। प्रभात फेरी का शुभारंभ नगर के सड़क पारा क्षेत्र से हुआ। इसके बाद फेरी संजय नगर, भाटापारा, नगर पंचायत गली एवं दुर्गा मंदिर सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जैसे-जैसे प्रभात फेरी आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर इसमें शामिल होते चले गए। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कई स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिससे पूरे मार्ग पर एक अलौकिक दृश्य उत्पन्न हो गया। प्रभात फेरी के दौरान एक मुट्ठी अन्न दान की परंपरा को भी सजीव रूप में निभाया गया। श्रद्धालुओं ने अपने सामर्थ्य अनुसार मुट्ठी भर अन्न दान किया। आयोजकों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सहयोग, सेवा और परस्पर भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।

एकत्रित अन्न का उपयोग जरूरतमंदों की सहायता, धार्मिक आयोजनों तथा सामाजिक सेवा कार्यों में किया जाता है। आयोजकों के अनुसार प्रभात फेरी न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सद्भाव का भी संदेश देती है। ऐसे आयोजनों से लोगों में आपसी मेलजोल बढ़ता है ।

## प्रधानपाठक नहीं मिले स्कूल में, होगा निलंबन

**जांजगीर।** सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन ने जैजैपुर विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला झालरौदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक अनुपस्थित पाए जाने पर सीईओ जैन ने उनके निलंबन की अनुशंसा कलेक्टर से की। निरीक्षण में सीईओ ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से क, ख, ग, बारहखड़ी, फल-पौधों और पशु-पक्षियों के नाम, गणित में जोड़-घटाव जैसे सवाल पूछकर उनकी समझ का मूल्यांकन किया। चौथी कक्षा सहित अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों से भी विभिन्न सवाल पूछे गए। जैन ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली और बच्चों को पढ़ाई में मन लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उपस्थित शिक्षकों से स्कूल में दर्ज बच्चों की संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति और उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया।

## पीएमश्री स्कूल में एसपी ने किया मार्गदर्शन

**हसौद।** पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से प्रेरणादायक और जागरूकता बढ़ाने वाला संवाद किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफलता के लिए केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाई काफी नहीं है। सामान्य ज्ञान, समाचार-पठन, अनुशासन और जागरूक रहना भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने, टीवी समाचार देखने और सरकारी योजनाओं की जानकारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में साइबर अपराध, मोबाइल और सोशल मीडिया फ्रॉड, एआई फ्रॉड से बचाव, अनजान कॉल और फ्रेंड रिक्वेस्ट से सावधानी जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 112 सेवा की उपयोगिता भी बताई गई। ट्रैफिक पखवाड़ा के तहत सड़क सुरक्षा, हेलमेट पहनने, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने और नियमों के पालन का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि नशा जीवन को खत्म कर देता है, इसलिए नशा को न कहें और जिंदगी को हां कहें। विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन देते हुए एनटीए, सीएलएटी, एनडीएम, सिविल सेवा सहित अन्य परीक्षाओं की जानकारी दी गई और नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी रखी गई, जिसमें सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक रहा।

## मुलमुला मंडल के कोषाध्यक्ष बने धनजीत

**मुलमुला।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मुलमुला की संगठनात्मक



इकाई का विस्तार किया गया है। धनजीत कुमार सिंह को मंडल का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। धनजीत कुमार सिंह ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वे निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों और विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य किया जाएगा।

## ओवरब्रिज पर गड्ढों की अधिकता ने समस्याएं पैदा की

**जांजगीर।** हसदेव नदी पर बने गेमन पुल की रेलिंग कई जगहों पर टूट चुकी है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। पुल से भारी वाहनों के साथ दोपहिया और पैदल यात्रियों का लगातार आवागमन होता है, लेकिन सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेलिंग का क्षतिग्रस्त होना गंभीर समस्या बन गई है। रात के समय पुल पार करना और भी जोखिमपूर्ण हो जाता है। जिले के खोखसा से चांपा की ओर जाने वाले ओवरब्रिज की स्थिति इन दिनों अत्यंत खराब हो चुकी है।

ओवरब्रिज की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा होता जा रहा है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी



गहराई का पता नहीं चल पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। लोग गिरते-गिरते बच रहे हैं और जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे हैं।

## जर्जर स्कूल भवन के नवनिर्माण की मांग की

**सक्ती।** दशकों पुराने प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शासकीय विद्यालय भवन का खस्ताहाल हो गया है।जिससे नवनिर्माण न होने के कारण विद्यार्थियों को जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। अतिरिक्त कक्षों की भी आवश्यकता है, लेकिन संसाधनों के अभाव में क्षतिग्रस्त कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सरपंच जमुना बाई कंवर ने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और जनप्रतिनिधियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने नए विद्यालय भवन के निर्माण और अतिरिक्त कक्षों की स्थापना की मांग की है। सरपंच ने कहा कि विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था अच्छी है और शिक्षक सहयोगी हैं, लेकिन यदि नए भवन और कक्ष बन जाएं तो बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिलेगा। साथ ही सरपंच ने हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की स्वीकृति देने की भी मांग की।

## 24 लीटर महुआ शराब जब्त और 660 किलो लाहन नष्ट

**सक्ती।** सक्ती के वार्ड क्रमांक 1 में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की।कार्रवाई से बचने के लिए अवैध शराब कारोबारी महुआ लाहन और तैयार शराब को छोटी नहर किनारे और शासकीय भूमि के आसपास छुपाकर रखते थे। मुखबिर से सूचना मिलने पर आबकारी टीम ने वार्ड नंबर 1 के छोटी नहर किनारे दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 20 डिब्बों और 8 बोरियों में रखा कुल 660 किलो महुआ लाहन बरामद हुआ, जिसे नष्ट कर दिया गया।


समक्ष-श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं बजरंग लाल अग्रवाल (BAJRANG LAL AGRAWAL) उम्र-57 वर्ष, पिता-चन्द्रभान अग्रवाल, निवासी-एल.आई.जी., 16 एम.पी.नगर निहारिका कोरबा, तह. व जिला कोरबा छ.ग. शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा आधार नं. 7032 5589 0631 है। मेरे पुत्र आदित्य अग्रवाल के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम उमा अग्रवाल है जो कि सत्य एवं सही नाम तथा मेरे पुत्र आदित्य अग्रवाल के 8वीं के अंकसूची में माता का नाम त्रुटिवश उमा देवी अग्रवाल दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र आदित्य अग्रवाल के 8वीं के अंकसूची में माता का नाम त्रुटिवश उमा देवी अग्रवाल दर्ज को सुधारकर सही नाम उमा अग्रवाल को दर्ज किया जाये तथा भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये। यह शपथ पत्र उक्ताशय के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
बजरंग लाल अग्रवाल
एमपी नगर, कोरबा(छ.ग.)



न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. 202401050100115
श्रेणी-अ-20(1) वर्ष/2023-24
ग्राम- रामपुर, प.ह.नं.-17

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरि पिता खरू, निवासी-रामपुर (बैगिनडभार), कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. को ग्राम रामपुर प.ह.नं.17 रा.नि.मं. कोरबा स्थित भूखण्ड क्रमांक 251 से क्षेत्रफल 15 वर्गमीटर भूमि का 30 वर्ष के लिये वर्ष 1984 में पट्टा जारी किया गया है। उक्त पट्टे की अवधि समाप्त होने के कारण आवेदक पट्टा जारी किया गया है। उक्त पट्टे की अवधि समाप्त होने के कारण आवेदक पट्टा नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 04.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
कोरबा


## जेएसडब्लू के हॉस्टल के कमरे में असिस्टेंट इंजीनियर का फंदे पर लटका मिला शव, पुलिस कारणों का पता लगाने में जुटी

**रायगढ़।**

जिला में J S W कंपनी के हॉस्टल में एक असिस्टेंट इंजिनियर युवती ने फांसी लगा ली। देर शाम उसके कमरे में लाश देखी गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जूट गई है। मामला भूपदेवपुर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक जमशेदपुर की रहने वाली खुशबू चौबे 25 साल नहरपाली स्थित छ्स्क्ड्ढ पावर प्लांट के एसएमएस विभाग में असिस्टेंट इंजिनियर के पद पर काम करते हुए वहीं हॉस्टल में रह रही थी।

गत गुरूवार की देर शाम को उसका कमरा काफी देर तक नहीं खुला, तो हॉस्टल में रहने वाले अन्य स्टाप उसका दरवाजा खटखटाए। दरवाजा नहीं



खुलने पर किसी तरह दरवाजा खोला गया। तब उन्होंने देखा कि खुशबू फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। इसके बाद मामले की जानकारी भूपदेवपुर पुलिस को दी गई। ऐसे में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के मरच्युरी कक्ष में भेजवाया गया।

इस संबंध में भूपदेवपुर थाना प्रभारी संजय नाग ने बताया कि खुशबू साल 2024 से यहां पदस्थ थी और गुरूवार की दोपहर में उसने अपने परिजनों से मोबाईल पर बातचीत भी की थी। फिलहाल मामले में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है और पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जूटी हुई है।

## 5 अजगरों का एक साथ किया गया रेस्क्यू

**रायगढ़।**रायगढ़ जिले में किसान के खेत से एक साथ 5 अजगर का रेस्क्यू किया गया है। पुसौर ब्लॉक के ग्राम जामपाली में चित्रसेन चौहान का खेत है जहां अक्सर



सांप निकलते रहते है, लेकिन किसान ने एक साथ 5 अजगर देखा। जिसके बाद स्नैक रेस्क्यू टीम को कॉल कर बुलाया।रेस्क्यू टीम के लिए अजगर पकड़ना एक चैलेंजिंग था। क्योंकि सभी अजगर बहुत फुर्तीले थे। उनका वजन 13 से 15 किलो था और 8-9 फीट लंबे थे। जैसे ही उनको पकड़ने की कोशिश करते वे बिल में घुस जाते या फुफकारने (फू-फू) लगते। आखिर मशक्कत करते 4 घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी अजगरों को बोरी में भरकर सुरक्षित जंगल छोड़ा गया।

## भवनों के निर्माण को मंजूरी, हर पर 10 लाख खर्च

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पहल की है। जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह व कृषि उपज मंडी सक्ती के पूर्व अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि रूपनारायण साहू (बाराद्वार) ने बताया कि डॉ. महंत के प्रयासों से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से जिले के अंतर्गत कई नए निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सार्वजनिक उपयोग के लिए (पटेल समाज), ग्राम पंचायत टेमर, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सार्वजनिक उपयोग के लिए (राठौर समाज), ग्राम पंचायत किरारी, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सार्वजनिक उपयोग के लिए (मानिकपुरी पटेल समाज), ग्राम पंचायत देवरी में 10 लाख रुपए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सार्वजनिक उपयोग के लिए (यादव समाज), ग्राम पंचायत चमरा-बरपाली 10.00 लाख रुपए निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है।

## अनमोल वचन......

खुशी कोई स्टेशन नहीं है जिस पर आप पहुंचतेअपनी समस्याओं से प्रेरित न हों, अपने सपनों के नेतृत्व में आगे बढ़ें। हैं, बल्कि यह यात्रा का एक तरीका है।

# रोने से कुछ हासिल नहीं होगा

पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि चीन ने गैर-बाजार नीतियों पर चलते हुए फ्री मार्केट अर्थव्यवस्थाओं को अपने सस्ते उत्पादों से पाट दिया है। इस कारण वहां के उद्योग-धंधों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हैं। मगर हल क्या है।

साल 2025 में चीन से व्यापार में भारत का घाटा रिकॉर्ड 116.12 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। चीन सरकार के आंकड़ों के मुताबिक बीते साल भारत का निर्यात 5.5 प्रतिशत बढ़ते हुए 19.75 बिलियन डॉलर पहुंच गया, लेकिन चीन से आयात 12.8 फीसदी बढ़ कर 135.87 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा। 2024 में चीन से भारत का व्यापार घाटा 99 बिलियन डॉलर था। इन आंकड़ों ने देश में फिर बेचैनी पैदा की है। मगर ऐसा नहीं लगता कि इसकी बुनियादी वजहों पर कोई ऐसी ठोस चर्चा होगी, जिससे समाधान की तरफ बढ़ने में मदद मिले। ऐसी चर्चा के लिए चीन की निर्यात क्षमता के गंभीर आकलन की जरूरत होगी। 2025 में चीन ने 1.2 ट्रिलियन डॉलर का व्यापार लाभ कमाया, जो ऐतिहासिक रिकॉर्ड है। ऐसा अमेरिका के लिए निर्यात में 20 प्रतिशत गिरावट के बावजूद हुआ। उसने यूरोप, अफ्रीका, आसियान समूह और भारत जैसे देशों में बड़ी मात्रा में निर्यात बढ़ाने में कामयाबी पा ली। इस तरह उसने अपनी अर्थव्यवस्था को अमेरिका के व्यापार युद्ध से अप्रभावित बनाए रखा है। पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने इसका कारण उसकी अत्यधिक उत्पादन क्षमता एवं देश के अंदर कम उपभोग को बताया है। कहा है कि चीन ने गैर-बाजार नीतियों पर चलते हुए फ्री मार्केट अर्थव्यवस्थाओं को अपने सस्ते उत्पादों से पाट दिया है। इस कारण वहां के उद्योग-धंधों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हैं। मगर हल क्या है। पश्चिमी देश अपने यहां मजदूरी महंगी होने को समाधान के रास्ते में बाधा बताते हैं। मगर भारत जैसे देश पर तो यह बात लागू नहीं होती। भारत में औसत मजदूरी चीन से छह गुना सस्ती है। यह भारत के लिए लाभ का पहलू है। फिर भी भारत को इसका फायदा नहीं मिल रहा है, तो कारण इन्फ्रास्ट्रक्चर का महंगा एवं अपर्याप्त होना, अनुसंधान पर न्यून खर्च, और कुशल कर्मियों का अभाव है। साथ ही उद्योग घरानों की कायम हुई मोनोपॉली या कार्टेल बनाने की उनकी प्रवृत्तियों ने बाजार में प्रतिस्पर्धा कुंद कर रखी है। इन मसलों का हल भारतीय नीति-निर्धारकों को ही ढूंढना होगा। चीन से आयात-निर्यात के आंकड़ों पर साल-दर- साल रोने से कुछ हासिल नहीं होगा।

## राशिफल

मेष राशि - उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

वृष राशि - संतान पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से कार्यों में सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है।

मिथुन राशि - आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही किसी दोस्त की नाराजगी आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।

कर्क राशि - आज अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।

सिंह राशि - आज पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

कन्या राशि - आज किस्मत का खूब साथ मिलेगा आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है।

तुला राशि - शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशि - बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा।

धनु राशि - ऑफिस में रुके हुए काम समय से पूरे हो जायेंगे आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी ख़ास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी मे जायेंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

मकर राशि - एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिये आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

कुंभ राशि - आज आपको माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ [ ।लिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं।

मीन राशि - आज पारिवारिक माहौल शानदार रहने वाला है आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है।

# 25 वर्षों के भारत चिट्ठे की असलियत

//हरिशंकर व्यास//

**इक्कीसवीं सदी के पहले पच्चीस वर्ष। ये ढाई दशक मानवता की अमूल्य, अविस्मरणीय अवधि के थे। इसमें मनुष्य के हाथों मनुष्य-समतुल्य कृत्रिम बुद्धि (एआई) बनी तो अंतरिक्ष-ब्रह्माण्ड को भेदने का इंफ्रास्ट्रक्चर भी बना। तब पृथ्वी के सर्वाधिक आबादी वाले भारत में क्या बना। भीड़ और उसकी आवाजाही या कनेक्टिविटी का इंफ्रास्ट्रक्चर। फिर उसी से फैला बाज़ार! ध्यान रहे बीसवीं सदी के आखरी दशक में पीवी नरसिंह राव नाम का प्रधानमंत्री भारत को प्राप्त हुआ था। वह बुद्धि और दृष्टि लिए हुए था। सो, उन्होंने नौकरशाहों के समाजवाद (पूंजी, कोटा-परमिट) से भारत को मुक्त कराया। मंत्रालयों में पूंजी, उद्यम, पुरुषार्थ के चक्कर खत्म (घटाए) कराए। उन दिनों चीन में देंग शियाओ पिंग ने जहां देशी-विदेशी पूंजी, शिक्षा-ट्रेनिंग, मेहनत से देश को गढ़ने में इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को धार दी थी तो नरसिंह राव-मनमोहन सिंह ने भी भारत में अवसर खोले थे।**

राव सरकार ने बतौर मानव संसाधन लोगों को समर्थ बनाने के फ़ैसले लिए। हालांकि उनसे पहले वीपी सिंह ने मंडल-मस्जिद में समाज को भीड़ बनाने के विषाणु फैला दिए थे। तभी लालू यादव, मुलायम सिंह, लालकृष्ण आडवाणी की आरक्षण, धर्म की आग फैली थी। उसी का असर था जो इक्कीसवीं सदी की मिलेनियम पीढ़ी की दिशा बिगड़ी। नौजवान या तो आईटी क्षेत्र के बैक-ऑफ़िस, कुलीगिरी की तरफ दौड़े या आरक्षण की भूख में अंधे होकर सरकारी नौकरी की माया में भटके। मेरा मानना है समाज के भटकने के संग अर्धसाक्षरता की शिक्षा का अटल बिहारी वाजपेयी-डॉ. मुरली मनोहर जोशी का सर्व शिक्षा अभियान वह दूसरा मोड़ था, जिससे पहली कक्षा से बारहवीं तक की शिक्षा से मिलेनियम पीढ़ी की बरबादी बनी।

सरकारी स्कूलों का भट्ठा बैठा। प्राइवेट शिक्षा से शिक्षा-असमानता बनी। शिक्षा का कुल नतीजा बुद्धिविहीन आईटी कुलियों, सरकारी नौकरियों की भूख, कुशलता-कौशल के नाम पर बेगार करती नौजवानों की भीड़ थी। न खेती व परंपरागत कौशल में प्रवीण और न पहले जैसे काबिल इंजीनियर-डॉक्टरों का शिक्षण। सो, जेनरेशन दुकान, गुमटी, धंधों में खपी। इसी के ट्रेंड को बूझ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से निकला था कि दफ़्तर के बाहर पकौड़ा बेचना भी रोज़गार है।

मतलब नरसिंह राव-मनमोहन सिंह बनाम नरेंद्र मोदी का बेसिक फ़र्क़ यह भी है जो राव-वाजपेयी-मनमोहन सिंह ने भूमंडलीकरण, वैश्विक ट्रेंड में उत्पादकता, औद्योगिक उत्पादकता, आईटी-सेवा क्षेत्र के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट बनवा इक्कीसवीं सदी के सिनेरियो में दिमाग खपाया। वही नरेंद्र मोदी ने चाय-पकौड़े की गुमटी यानी व्यापार, धंधा, मुनाफ़े में भारत का भविष्य बूझा है। यह उनका दोष नहीं है। गुजरात की तासीर में विकास मतलब व्यापार, धंधा, दुकान, वाणिज्य से मुनाफ़े की सर्वोच्चता से ही सब है। इसी कारण अंबानी-अडानी प्रतिमान हैं। बाक़ी सब जाएं भाड़ में और धंधा, मुनाफ़ा ही परम पुरुषार्थ।

सोचें, पिछले तीन वर्षों में अंबानी-रिलायंस ने यूक्रेन संकट में रूस से सस्ता-कच्चा तेल ख़रीद उसे देश-दुनिया को कितना महंगा बेचा? अरबों-खरबों रुपए का मुनाफ़ा कमाया होगा। अब यदि इस धंधे से भारत ट्रंप के टैरिफ़ का मारा है तो अंबानी-रिलायंस का तो कुछ नहीं बिगड़ना है। मगर देश, मोदी सरकार के लिए तो अंबानी सफलता की कहानी है!

विषयांतर हो रहा है। मूल बात पर लौटें। भारत ने 1990 से 2000 के बीच अपने इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की भूमिका बनाई। राव-मनमोहन सिंह ने हाईवे, एयरपोर्ट, बंदरगाह, संचार व बिजली क्षेत्र को नौकरशाही जकड़न से मुक्त किया। निज पूंजी, उद्यम को स्वतंत्रता दी। इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण शुरू हुआ तो उससे इक्कीसवीं सदी के 25 वर्षों की सतत कोशिश से भारत को क्या प्राप्त है। कह सकते हैं कनेक्टिविटी और बिजली का उजाला है। अर्थात हाईवे के नेटवर्क, संचार, आवाजाही-माल ढुलाई, ऊर्जा में सुगमता है। जैसा भी हो पर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा है। ऐसा होनी मोदी सरकार से नहीं है। उसका योगदान सरकारों की निरंतरता की मौजूदा कड़ी के नाते है। संयोग था जो नरसिंह राव के सुधारों के बाद की सरकारों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रभारी मंत्री कामकाजी हुए।

वाजपेयी सरकार के भुवनचंद खंडूरी हों या कांग्रेस के कमलनाथ-सीपी जोशी या नितिन गडकरी से भारत हाईवे नेटवर्क में गुंथा गया है। इन सभी मंत्रियों ने नौकरशाही को सख़्ती से कसते हुए काम निकालने की धुन में काम किया। ध्यान रहे कांग्रेस ने ही अडानी को पहला बंदरगाह दिया था। ऐसे ही उसने दक्षिण भारत की कंपनियों को हाईवे, एयरपोर्ट, बिजलीघर बनाने के काम सौंपे थे। सरकारों की प्राथमिकता से ही पच्चीस वर्षों का इंफ्रास्ट्रक्चर लेखा है। अब सवाल है कि जिस असल काम के लिए बुनियादी ढांचा बना उसका क्या हुआ। क्या भारत में कारख़ाने खुले, निर्यात बढ़ा। भारत की उत्पादकता बढ़ी। औद्योगिक क्रांति हुई। भारत आत्मनिर्भर बना।

ऐसा न होना 25 वर्षों के भारत चिट्ठे की असलियत है। किसी भी अर्थशास्त्री से पूछें, किसी भी विकसित देश की गाथा पढ़ें तो मालूम होगा कि जब भी किसी ने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया तो उस देश में फैक्ट्रियां खुलीं, रोज़गार बढ़ा। उत्पादकता बढ़ी। निवेश आया और निर्यात बढ़ा। उसी से फिर इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत निकली। 25 वर्षों में भारत में उलटा हुआ! औद्योगिकीकरण नहीं हुआ। उलटे 140 करोड़ लोगों की भीड़ से भारत वह बाज़ार बना, जिसके हाईवे, बंदरगाहों, एयरपोर्ट, कम्युनिकेशन ने चीन में बने सामान की माल ढुलाई को आसान बनाया। अंबानी-अडानियों को शॉपिंग मॉल बनाकर, बंदरगाह विकास कर चीन, वियतनाम से टरबाइन या सोलर मशीनरी आदि हर सामान लाकर भारत में खपाने, लगाने, बेचने का धंधा चोखा बना। सो, इंफ्रास्ट्रक्चर से भारत का औद्योगिकीकरण नहीं है। मगर बाज़ार फैला है और लागत वसूली है। लोगों की कनेक्टिविटी बनी तो उसके साथ 140 करोड़ से ही टोल टैक्स, हवाई टिकट, फ़ोन बिल की मनमानी वसूली का रिवाज-कायदा है। एयरपोर्ट-बंदरगाह क्षेत्र में अडानी और इंडिगो बने। फ़ोन-संचार पर जियो-एयरटेल की एकछत्रता हुई। बिजली में अंबानी, अडानी सहित कोलकाता-हैदराबाद की पावर कंपनियों की सरकारी ढांचे के ज़रिए मनमानी बिजली रेट, बिल बने हैं। सन् 2000 से पहले भारतीयों के अनुभव में बिजली न होने या कटौती की शिकायत होती थी। अब घर-घर की शिकायत है कि बिजली-पानी के कितने ज़्यादा बिल आ रहे हैं।

सो, उपयोग और कंपनियों की कमाई का वह चक्र है, जिसमें न सस्ता है न स्वदेशी है और न स्वावलंबी भारत है। इंफ्रास्ट्रक्चर भी तमाशा है। नतीजतन एक्सप्रेस वे, हाईवे, स्टेट रोड आदि की दशा, इनके किनारे वही दशा है जो 2000 से पहले पटना से मुज़फ्फरपुर जाते वक्त थी। एक उदाहरण बिहार के हाईवे का है। बिहार के विकास-गौरव का प्रतीक पटना में गंगा किनारे (राजधानी से बाहर निकलने, प्रदेश के सभी रास्तों पर ले जाने के रास्ते) का मरीन ड्राइव यानी जेपी गंगा पथ है।

पर यह किससे पटा हुआ है–गुमटियों व ठेलों की दुकानों से। मैं बतौर रिपोर्टर 1984 में पहली बार पटना से मुज़फ्फरपुर गया तो सड़क किनारे की गुमटियों की संख्या, निठल्लों की अड्डेबाज़ी, चाय-छोटे सिंघाड़े (समोसे) का मिला नज़ारा मेरे लिए मनभावक था। चालीस साल बाद उसी नज़ारे की कहानी जेपी गंगा पथ है। जेपी गंगा पथ के किनारों पर ठेलों, गुमटियों से भरा हुआ है। कहते हैं शाम को पांव रखने की जगह नहीं होती। तब और अब के विकास के फर्क का गौरतलब पहलू यह है जो जेपी गंगा पथ की गुमटियों में अब सिंघाड़े की बजाय मोमोज़, चाउमीन, पिज़्ज़ा जैसी वे चीज़ें मिलती हैं जो देसी पकौड़ों से बढ़कर हैं।

यह उदाहरण इक्कीसवीं सदी के पच्चीस वर्षों की भारत-प्राप्ति का एक सार है। इंफ्रास्ट्रक्चर बना है पर फैक्ट्रियां नहीं हैं। तो है क्या? जवाब है–बाज़ार। दिल्ली में करोलबाग का मंडे बाज़ार देखें या गंगा पथ हाईवे की गुमटियों से टाइमपास या दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे के किनारे में चमक-धमक, पंचतारा देसी-विदेशी ब्रांड की आधुनिक गुमटियों के ठिकानों पर जमा भीड़ से साफ झलकेगा बाज़ार ही भारत का विकास है। भीड़ और बाज़ार के लिए बंदरगाहों से लेकर दिल्ली, कोलकाता, यूपी, बिहार के सभी हाईवे (कनेक्टिविटी) का उपयोग या तो लोगों की आवाजाही के लिए है या चीन, वियतनाम, आसियान व अन्य देशों से हो रहे आयात की माल ढुलाई का है।

सो, भारत सिंघाड़ा यानी समोसा बनाना छोड़ रहा है क्योंकि भीड़ का स्वाद चाइनीज़, इतावली, अमेरिकी हो गया है। इसलिए भारत के छोटे-मोटे सभी उद्यमी विदेशी चीज़ों के व्यापारी बन गए हैं। मकसद भीड़ को दुहना है। विदेशी कंपनियों के निर्मित सामान, प्रोडक्ट, तकनीक-ब्रांड का डीलर बनना है। स्टील, सीमेंट से लेकर संचार सभी क्षेत्रों में मोनोपॉली बनाना है। और यही जेपी गंगा पथ की भीड़ के दिमाग में विकास है। विकसित भारत है। तभी वह इंफ्रास्ट्रक्चर की कनेक्टिविटी में गंगा किनारे मोमोज़ खाते हुए रील बनाता है। दोस्तों, रिश्तेदारों, दुनिया को दिखलाता है। अमेरिकी कंपनियों की कमाई बढ़वाता है और भक्तिभाव से मोदीजी को पूजता है! उसे दिमाग में और कुछ नहीं सूझता। आख़िर मिलेनियम पीढ़ी, नौजवान आबादी की जिस धुन, रीलों में भारत रमा है वह वाजपेयी सरकार के सर्व शिक्षा अभियान से निर्मित खोखा-छाप साक्षरता से जो बने हुए हैं।

उस नाते यह सोचना ग़लत नहीं है कि वाजपेयी सरकार ने जहां शिक्षा-बुद्धिविहीन-अंगूठा छाप युवा भीड़ पैदा की तो वही इक्कीसवीं सदी में भीड़ में कनवर्ट है जो साथ-साथ सहज भाव भक्त भी है। सोचें, इक्कीसवीं सदी के जिन पच्चीस वर्षों में मानवता से कृत्रिम बुद्धि (एआई) और अंतरिक्ष के हाईवे, इंफ्रास्ट्रक्चर बने ठीक उसी अवधि में भारत का भीड़, बाज़ार और भक्ति निर्माण है। सत्य-विवेक-बुद्धि ख़त्म या भ्रष्ट है और आत्मनिर्भरता पैंदे में। वह मनुष्य-चेतना, स्वतंत्रता, व्यक्तिगत खुद्दारी भी लुप्त है जो बीसवीं सदी के 1901 से 1925 के मध्य हिंदुस्तान के लोगों को प्राप्त हुई थी। इतिहास खंगालें, याद करें 1905 के बंग-भंग से पहले और बाद के अंग्रेज़ शासन में स्वतंत्रता, खुद्दारी, स्वदेशी, स्वराज की हिंदुओं में कैसी चेतना बनी थी? बुद्धि का तब कैसा विस्फोट था थी।

हिंदुस्तानी भाषाओं, कला-संगीत, साहित्य का वह स्वर्णयुग था तो विज्ञान से वकालत में प्रोफ़ेशनल श्रेष्ठता थी। वह समय अरविंद, तिलक, गोखले, गांधी, सावरकर, हेडगेवार, टैगोर, प्रेमचंद, जेसी बोस, रामानुजन, मोतीलाल-जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आज़ाद जैसी उन हस्तियों का था जो या तो ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों से या अंग्रेज़ शिक्षा व्यवस्था की कठोरता, अनुशासन या फिर पश्चिमी विचारों के प्रभावों की वजह से खिली थीं। 1901-1925 के पच्चीस वर्ष भारत में बौद्धिक-राजनीतिक पुनर्जागरण के थे। लोग क्रांति, साहित्य, विज्ञान और आत्मिक-बौद्धिक-राजनीतिक चेतना के व्यक्तित्वों से संपन्न थे। और ताजा गुज़रे 25 वर्षों में क्या प्राप्त हुआ थी। झूठ, भीड़, बाज़ार, भक्ति और पराश्रित जीवन की कनेक्टिविटी लिए हुए भारत!

# कांग्रेस को असम से बहुत उम्मीदें

//अजीत द्विवेदी//

**अप्रैल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे, जिनमें से दो राज्य कांग्रेस की उम्मीदों के प्रदेश हैं। कांग्रेस को केरल और उसके साथ साथ असम से बहुत उम्मीदें हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि 10 साल की सत्ता ने प्रदेश में भाजपा को अलोकप्रिय बनाया है और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भड़काऊ भाषणों व विभाजनकारी राजनीति से लोग ऊबे हुए हैं। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? यह सही है कि 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी है और संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए से भी असम के लोगों में नाराजगी है। फिर भी पिछले दो चुनावों से जिस स्तर का ध्रुवीकरण हो रहा है वह कांग्रेस के लिए चुनौती है। हालांकि इस बार कांग्रेस ने बदरूद्दीन अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया है। इससे ध्रुवीकरण की संभावना थोड़ी कम हुई है।**

बहरहाल, पहले सीएए की बात करते हैं। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए पर अमल इसलिए रोक दिया था क्योंकि असम में उसको इसके नुकसान का अंदाजा हो गया था। गौरतलब है कि सीएए का कानून 2019 में पास किया गया लेकिन उसे लागू करने के नियम नहीं बनाए गए। 2021 के चुनाव में भाजपा को इसका असम में फायदा हुआ और पश्चिम बंगाल में थोड़ा नुकसान हुआ। अब पश्चिम बंगाल में फायदे के लिए उसने सीएए लागू कर दिया लेकिन हो सकता है कि असम में इसका नुकसान हो। असम में यह धारणा बनी है कि सीएए से बांग्ला बोलने वाली आबादी बढ़ जाएगी और असमिया भाषा व संस्कृति कमजोर होगी।

कांग्रेस के नेता और मुख्यमंत्री पद के अघोषित दावेदार गौरव गोगोई अहोम वंश से जुड़े हैं और असमिया भाषा और संस्कृति के मुद्दे उठाते रहते हैं। साथ ही कांग्रेस ने भाषा व संस्कृति के आधार पर सीएए का विरोध करने वाले समूहों द्वारा बनाई गई पार्टियों से तालमेल किया है। वह भाजपा के धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण के मुकाबले भाषा और अस्मिता के आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है।

कांग्रेस पार्टी ने असम में उम्मीदवारों का चयन करने के लिए छंटनी समिति बनाई है, जिसका अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा को बनाया गया है। इससे भी लग रहा है कि कांग्रेस असम को लेकर काफी भरोसे में है। गठबंधन की बातचीत भी लगभग तय है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण रोकने के लिए कांग्रेस ने इस बार बदरूद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी एआईयूडीएफ से तालमेल नहीं किया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अजमल की पार्टी के लिए 20 सीटें छोड़ी थीं।

पिछली बार की तरह इस बार बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट यानी बीपीएफ भी कांग्रेस के साथ नहीं है। हागरामा मोहिलारी की पार्टी ने बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल यानी बीटीसी का चुनाव जीता और उसके बाद भाजपा ने उससे तालमेल कर लिया है। अब बोडोलैंड की दोनों पार्टियां बीटीसी और यूपीपीएल भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस ने अजमल और मोहिलारी की पार्टी को 32 सीटें दी थीं और खुद 95 सीटों पर लड़ी थी। इस बार ये दोनों पार्टियां कांग्रेस के साथ नहीं हैं। लेकिन कांग्रेस ने अलग अलग जातीय समूहों में असर रखने वाली छोटी पार्टियों के साथ अपना गठबंधन किया है।कांग्रेस ने पिछली बार महाजोत बनाया था, जिसमें एआईयूडीएफ, बीपीएफ के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल, तीन कम्युनिस्ट पार्टियां और एक अन्य दल शामिल था। इस बार कांग्रेस ने असोम सम्मिलितो मोर्चा बनाया है। इसमें कांग्रेस के अलावा पहले की तरह सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले शामिल है। पिछली बार यूआरएफ बना कर अलग चुनाव लड़ी दो स्थानीय पार्टियों लुरिनजोत गोगोई की असम जातीयता परिषद और अखिल गोगोई की रायजोर दल से इस बार कांग्रेस ने तालमेल किया है। इनके अलावा ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस से भी कांग्रेस ने तालमेल किया है। यूपीपीएल और बीपीएफ के नहीं होने से हिल एरिया के लिए कांग्रेस को एक पार्टी की जरुरत थी। सात पार्टियों का सम्मिलित मोर्चा भले पिछली बार के मुकाबले कमजोर दिख रहा है लेकिन जमीनी असर और नैरेटिव के मामले में इस मोर्चे ने चुनाव से पहले भाजपा को कड़ी टक्कर देने का संकेत दिया है। अब अगर पिछले चुनाव की बात करें तो एनडीए और महाजोत के बीच बेहद करीबी मुकाबला हुआ था। एनडीए को 44.51 फीसदी वोट मिला था तो महाजोत को 43.68 फीसदी वोट मिला था। यानी अंतर एक फीसदी से भी कम था। हालांकि सीटों में बड़ा अंतर आ गया था। यह भारत की 'फर्स्ट पास्ट द पोस्ट' सिस्टम की अंतर्निहित खामी है। 44.51 फीसदी वोट पर एनडीए को 75 यानी 59.5 फीसदी सीटें मिलीं। दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला महाजोत 43.68 फीसदी वोट लेकर 50 यानी 39.7 फीसदी सीटें जीत सका। महाजोत का असली फायदा अजमल की पार्टी को मिला, जो 20 सीटों पर लड़ कर नौ फीसदी वोट लाई और 16 सीटें जीत गई। मोहिलारी की पार्टी 3.39 फीसदी वोट लेकर तीन ही सीट जीत पाई और कांग्रेस 29 फीसदी वोट लेकर 29 सीट जीत पाई। वोट का यह ट्रेंड थोड़े बहुत अंतर के साथ लोकसभा चुनाव 2024 में भी बना रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 42 फीसदी और कांग्रेस को 40 फीसदी के करीब वोट मिले।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हिमाचल प्रदेश के रायपाल शिव प्रताप शुक्ला के साथ, हरिद्वार में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह 2026 में।



जम्मू और कश्मीर के डोडा जिले के पास खराब मौसम में सेना का एक वाहन सड़क से फिसल गया, जिसमें सैनिक सवार थे। सेना के जवान और बचाव दल घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस हादसे में दस सैनिक मारे गए।




संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली में इंडिया पोस्ट की एक बिजनेस रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसमें वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए 23 पोस्टल सर्किलों के परफॉर्मेंस की समीक्षा की गई।



भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में ईसीनेट के लॉन्च पर सभा को संबोधित किया।



भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार नई दिल्ली के भारत मंडपम में ईसीनेट के लॉन्च के मौके पर।



प्रयागराज में संगम पर चल रहे माघ मेला उत्सव के दौरान, बसंत पंचमी त्योहार की पूर्व संध्या पर एक पवित्र व्यक्ति अनुष्ठान कर रहा है।

# बजट सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, विधायी कामकाज पर भी होगी चर्चा



**नईदिल्ली, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू आगामी बजट सत्र से पहले 27 जनवरी को संसद के दोनों सदनों के फ्लोर लीडर्स की सर्वदलीय बैठक आयोजित करेंगे। बैठक में सत्र का एजेंडा तय होने और सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की उम्मीद है।सूत्रों के अनुसार, यह बैठक संसद के मुख्य समिति कक्ष में होगी। उम्मीद है कि सरकार इस बैठक में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों और आगामी सत्र के दौरान दोनों सदनों के समक्ष आने वाले विधायी कामकाज पर चर्चा करेगी। बजट सत्र 28 जनवरी को शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। इसमें एक ब्रेक होगा। पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक निर्धारित है, जबकि दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल 30 बैठकें होने की उम्मीद है। केंद्रीय बजट 2026-27 एक फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र की औपचारिक शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के लोकसभा और राज्यसभा दोनों के संयुक्त संबोधन से होगी।

### जेलेंस्की से दावोस में मुलाकात के बाद ट्रंप ने कहा- युद्ध को रोकना होगा, पुतिन को भी भेजा संदेश

**दावोस ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, रूस-यूक्रेन युद्ध जल्द खत्म होगा। इस बाबत एक-दो दिन में ही अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेगा। इस आशय का संदेश पुतिन को भेज दिया गया है।ट्रंप ने यह बात दावोस से वाशिंगटन के लिए रवाना होने से पहले कही है। ट्रंप ने कहा, उनकी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बैठक अच्छी रही है। बाद में जेलेंस्की ने भी मुलाकात को सकारात्मक बताया। कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ वार्ता उनके देश (यूक्रेन) के पक्ष में रही। इस बैठक से इतर यूक्रेन के अधिकारियों के दल ने अमेरिकी प्रतिनिधियों से वार्ता की। अमेरिकी दल की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद स्थितियां सकारात्मक रहीं तो अमेरिका, रूस और यूक्रेन के अधिकारी यूएई में मिलेंगे।

### पांच आतंकियों के विरुद्ध NIA ने कोर्ट में पेश किया आरोप पत्र, देश विरोधी भावनाएं भड़काने का लगा है आरोप

**अहमदाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद युवाओं के मन में देश विरोधी भावनाएं भड़काकर उन्हें सशस्त्र हिंसा के लिए उकसाने के आरोप में पकड़े गए पांच आतंकियों के खिलाफ एनआईए ने आरोपपत्र पेश किया है। इस मामले में करीब छह माह पूर्व एनआइए के हत्थे चढ़े मोहम्मद कैफ, शेख मोहम्मद फरदीन, कुरैशी सैफुल्ला, जीशान अली और शमा परवीर की देश विरोधी गतिविधियों से संबंधित आरोप पत्र तैयार कर एनआईए ने विशेष कोर्ट में पेश किया।गजवा-ए-हिंद और जेहाद के नाम पर युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और हिंसा करने के लिए भड़काने का इन पर आरोप है। शमा परवीन पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थी। मोहम्मद कैफ गजवा- ए-हिंद का प्रचार-प्रसार करता था। फरदीन, सैफुल्ला व जीशान इंटरनेट मीडिया पर युवाओं को आतंकी संगठनों का समर्थन करने वाली पोस्ट भेजते थे।

# रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेंगे भारत और ब्राजील, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा से की बात



**नईदिल्ली, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से बात की और दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा आने वाले वर्ष में इसे और ऊंचाई पर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने ग्लोबल साउथ के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए घनिष्ठ सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जल्द ही ब्राजील के राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति लूला से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी में आई गति की समीक्षा की, जो आने वाले वर्ष में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

ग्लोबल साउथ के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए हमारा घनिष्ठ सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं जल्द ही उनका भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने साझा चुनौतियों से निपटने में बहुपक्षवाद के महत्व पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पिछले वर्ष ब्राजीलिया और दक्षिण अफ्रीका में हुई अपनी मुलाकातों को याद करते हुए दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि और जन-संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्राजील के बीच घनिष्ठ और बहुआयामी संबंध हैं, जिन्हें 2006 में रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। दोनों देश ब्रिक्स, आईबीएसए, जी-20, जी-4, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन और यूनेस्को जैसे वैश्विक संगठनों में भी सहयोग करते हैं।

## क्या फडणवीस इतने बेबस हैं कि मंत्री के खिलाफ कुछ नहीं कहते, हाईकोर्ट ने इस मामले पर कही ये बात

**मुंबई, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

बांबे हाई कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए सवाल किया कि क्या राज्य में कोई कानून व्यवस्था है। क्या मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इतने बेबस हैं कि वह उस कैबिनेट मंत्री के खिलाफ कुछ नहीं कह सकते, जिनका बेटा कई सप्ताह से गिरफ्तारी से बच रहा है। हाई कोर्ट ने शिवसेना शिंदे गुट के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भरत गोगावले के बेटे विकास गोगावले की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इस याचिका में पूर्व विधायक माणिक जगताप के बेटे और राकांपा नेता श्रीयांश जगताप की अग्रिम जमानत याचिका को चुनौती दी गई है। विकास गोगावले रायगढ़ जिले के महाड नगर परिषद चुनाव के दौरान हुई हिंसक झड़प में मुख्य आरोपित है। दो दिसंबर को हुए चुनाव के दौरान एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी।दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं और क्रास-एफआईआर दर्ज की गई। विकास गोगावले और उनके चचेरे भाई महेश ने गिरफ्तारी से पहले जमानत मांगी थी, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। गुरुवार को जस्टिस माधव जामदार ने मंत्री के बेटे को गिरफ्तार करने में पुलिस की विफलता पर फटकार लगाई। सत्र न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद से वह लापता है। जस्टिस जामदार ने कहा-मंत्रियों के बच्चे अपराध करते हैं और खुलेआम घूमते हैं.. वे अपने माता-पिता के संपर्क में रहते हैं, लेकिन पुलिस उन्हें ढूंढ नहीं पाते। अदालत की फटकार के बाद सरकार ने आश्वासन दिया कि मंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका बेटा आत्मसमर्पण कर दे।

# आना था इंदौर भेज दिया पुणे... एअर इंडिया की लापरवाही के कारण रातभर भटका इंदौर का दंपति



**इंदौर, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

विमान कंपनी एअर इंडिया की लापरवाही और असंवेदनशील रवैये का एक मामला गुरुवार को सामने आया। केरल भ्रमण के बाद कोच्चि से इंदौर लौट रहे इंदौर निवासी दंपती को एअर इंडिया की लापरवाही ने पूरी रात एयरपोर्ट पर भटकने को मजबूर कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि घंटों की देरी, फ्लाइट छूटने और मानसिक यातना के बावजूद कोई सुविधा नहीं दी गई। दंपती ने पूरी रात एयरपोर्ट की कुर्सियों पर बैठकर गुजारी। इंदौर के खातीवाल टैंक में रहने वाले योगेश वाधवानी अपनी पत्नी खुशबू के साथ केरल भ्रमण पर गए थे। वापसी में कोच्चि से उड़ान एआई-1873 दोपहर 1.30 बजे दिल्ली के लिए निर्धारित थी। दिल्ली से इंदौर की कनेक्टिंग उड़ान पहले से बुक थी । बुधवार सुबह कोच्चि एयरपोर्ट पहुंचते ही मोबाइल पर फ्लाइट रिशेड्यूल होने का संदेश मिला। योगेश ने बताया कि उड़ान का समय पहले 4.30 बजे किया गया, फिर 5.30 बजे।

सुबह से शाम तक दोनों लोग एयरपोर्ट पर बैठे रहे, लेकिन एअर इंडिया ने न भोजन दिया, न लाउंज सुविधा। शाम की उड़ान से रात 8.30 बजे दिल्ली पहुंचे, लेकिन शाम सात बजे इंदौर की कनेक्टिंग उड़ान जा चुकी थी।एयर इंडिया ने वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर दंपती को दिल्ली से रात 12 बजे पुणे की उड़ान में बैठा दिया। रात 2.30 बजे पुणे पहुंचे और पूरी रात एयरपोर्ट पर गुजारने के बाद फिर सुबह आठ बजे की फ्लाइट से इंदौर आए। चंद घंटों के सफर को 24 घंटे का कर दिया। योगेश का कहना है कि पूरी रात परेशान रहे। न होटल की सुविधा दी गई और न मुआवजा और न ही महिला यात्री होने के बावजूद कोई विशेष सहायता।

## पूरी दुनिया की चिंता करता है भारत, कई देशों की संकट में की मदद, मर्यादा महोत्सव में बोले मोहन भागवत



**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि दुनिया के देश आजकल अपने स्वार्थ के साथ चल रहे हैं। हर कोई चाहता है कि मेरा स्वार्थ सिद्ध होना चाहिए लेकिन भारत के लोग कभी इस सोच के साथ नहीं चले और न ही चलेंगे क्योंकि भारतीय धर्म को जानते हैं। भारत केवल अपने हित की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की चिंता करता है। भारत ने बिना किसी स्वार्थ के पाकिस्तान और श्रीलंका सहित कई देशों की संकट में मदद की है। भागवत ने गुरुवार को राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के छोटी खाटू कस्बे में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के मर्यादा महोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही। सर संघचालक ने कहा कि हमारे पूर्वज धर्म का सत्य जानते थे। धर्म के पीछे जो सत्य है वो बाकी दुनिया नहीं जानती थी, इसलिए सत्य, अहिंसा व अपरिग्रह आदि बातें केवल हमारे देश में हैं।

उन्होंने मर्यादा, अनुशासन और संतुलन को राष्ट्र प्रगति की नींव बताते हुए कहा कि धर्मग्रंथों का संदेश जीवन की दिशा बदल सकता है। बाद में भागवत ने संघ के वरिष्ठ प्रचारकों के साथ अलग से संवाद भी किया।इस मौके पर जैन श्वेतांबर तेरापंथ संप्रदाय के सर्वोच्च आचार्य महाश्रमण ने खोज, अहिंसा और करुणा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि संतों की वाणी और धर्मग्रंथों के संदेश से जीवन की दिशा बदल सकती है।

## पति की मृत्य पर शोक में बोलीं पत्नी, इनके आंखों को मैं जलने नहीं दूंगी, फिर कर दिया यह काम

**पूर्णिया, 23 जनवरी [एजेंसी]।**



पति की मृत्यु के साथ पत्नी के भी प्राण त्यागने की खबर तो अपने सुनी और पढ़ी होगी। लेकिन पति की मृत्यु के बाद उनके दोनों आंखों का दान करवाने के लिए यह कहते नहीं सुना और पढ़ा होगा कि 'मेरे पति के दोनों नेत्रों का दान कर दो, इससे मुझे ज्यादा खुशी होगी। दरअसल, गुरुवार को शहर के मिलन पारा स्टेशन रोड खुश्कीबाग में निभा देवी के पति देवनारायण महतो का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे बीते 15 दिनों से बीमार चल रहे थे।उनकी मृत्यु के उपरांत निभा देवी अपने मृत पति का नेत्रदान कराने के लिए आगे आईं और अपने पुत्र अमित को दधीचि देहदान से संपर्क कर नेत्रदान कराने को कहा। इस पर उनके कुछ घर वाले असहज हुए। लेकिन निभा देवी ने फख्र के साथ कहा कि उनके पति की आंखों दान होने पर उन्हें बहुत हर्ष होगा। इसके बाद अमित ने डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और रवीन्द्र साह और उनकी टीम से संपर्क किया।

जिसके बाद देवनारायण महतो का नेत्रदान कराया जा सका। देवनारायण महतो जिले के 18 वें नेत्रदान हैं। देवनारायण महतो का नेत्रदान करने से पहले बुधवार को दधीचि देहदान समिति ने गड़बनैली के सौंपा गांव में एक सेवानिवृत शिक्षक का मृत्यु के उपरांत नेत्रदान कराया। सनद रहे कि 21 जनवरी को सौंपा में शिक्षक अखिलेश आनंद के पिता सेवानिवृत शिक्षक अंचित लाल दास का 89 साल की आयु में निधन हो गया। उनके निधन के बाद उनके बेटे अखिलेश आनंद ने पिता के नेत्रों का दान कराया।ज्ञात हो कि दोनों की मृतकों का नेत्रदान कटिहार मेडिकल कालेज से आई टीम ने कराया। नेत्रदान करने वाली टीम में डा. अभिनव डा. अभिषेक, डा. ईरा, डा. शुभम, डा. शमा, डा. आतिफ, डा. अविनाश, डा. फरहिना शामिल थे।

### यूरोप के सहयोगी देशों पर जमकर बरसे जेलेंस्की, कहा- यूरोप अपना नजरिया और सोच खो चुका है

**दावोस।** दावोस में गुरुवार को युक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की यूरोप के सहयोगी देशों पर जमकर बरसे। कहा, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का चार वर्षों में यूरोप ने पर्याप्त जवाब नहीं दिया।इस मामले में यूरोप महाद्वीप धीमा और बंटा रहा। कहा, जब वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पकड़कर कोर्ट में ट्रायल हो सकता है तो रूसी राष्ट्रपति पुतिन का क्यों नहीं हो सकता है। विश्व आर्थिक मंच से जेलेंस्की ने यूरोप के रुख की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यूक्रेन को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दया पर छोड़ दिया गया। कहा, यूरोप अपना नजरिया और सोच खो चुका है। जेलेंस्की ने महाद्वीप से अनुरोध किया कि वह एकजुट होकर अपनी सेना तैयार करे। यूरोप एकजुट होकर अमेरिका के वेनेजुएला और ईरान पर उठाए जाने वाले कदमों का समर्थन करे।

# गो-तस्करी रैकेट के खिलाफ ओडिशा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 200 बैंक खाते फ्रीज, करोड़ों की नकदी-वाहन जब्त

**भुवनेश्वर, 23 जनवरी [एजेंसी]।**



गो-तस्करी नेटवर्क के खिलाफ ओडिशा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केंदुझर जिले में करीब 200 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। ये खाते कथित तौर पर गो-माफिया से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें से कई खातों के साथ बैंक लॉकर भी जुड़े हैं, जिन्हें अब जांच के दायरे में लाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई पिछले सप्ताह केंदुझर, भद्रक, जाजपुर, बालेश्वर और मयूरभंज जिलों में की गई व्यापक छापेमारी के बाद की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करोड़ों रुपये नकद के साथ-साथ लाखों रुपये मूल्य के वाहन जब्त किए। भारी मात्रा में बरामद नकदी ने गो-तस्करी सिंडिकेट के बड़े नेटवर्क और उसकी आर्थिक मजबूती को उजागर किया है। जांच के दौरान केन्दुझर शहर स्थित यूनियन बैंक की मुख्य शाखा में एक खाता सामने आया, जो तुरुमुंगा निवासी गो-माफिया आरोपी अरुण कुमार साहू उर्फ मंटू के नाम पर दर्ज है। इसके अलावा, जिले के तेलकोई थाना क्षेत्र में गो-तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बैंक खातों को भी जब्त किया गया है। केंदुझर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्नेहाशीष साहू ने बताया कि अब तक करीब 200 संदिग्ध बैंक खातों की पहचान की जा चुकी है। सभी खातों को फ्रीज करने के लिए संबंधित बैंकों को पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश खाते पहले ही फ्रीज हो चुके हैं और कई खातों से जुड़े लॉकरों की भी जांच की जा रही है। एएसपी ने बताया कि इस कार्रवाई के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो अलग-अलग जिलों में जाकर बैंक लॉकरों की जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में गो-तस्करी रैकेट से जुड़े और भी वित्तीय लेन-देन व संपत्तियों का खुलासा हो सकता है।

# जागरूकता कार्यक्रम की रिपोर्ट नहीं देने पर सख्ती: पुरी के 72 प्रधानाध्यापकों का वेतन रुका, कारण बताओ नोटिस जारी



**अनुगुल, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

राज्य सरकार के निर्देश पर सांप के काटने से होने वाली मौतों को कम करने और बिजली गिरने की घटनाओं से बचाव को लेकर स्कूल स्तर पर चलाए गए जागरूकता कार्यक्रमों की रिपोर्ट समय पर जमा नहीं करने पर पुरी जिले के 72 प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने संबंधित सभी प्रधानाध्यापकों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही सभी को कारण बताओ नोटिस भी थमाया गया है। मानसून के दौरान सर्पदंश और आकाशीय बिजली से होने वाली मौतों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित व्यवहार तथा बिजली गिरने के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देना अनिवार्य किया गया था। साथ ही आयोजित गतिविधियों की फोटो, विवरण और संपूर्ण रिपोर्ट विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया था। पुरी जिला शिक्षा कार्यालय (डीईओ) की ओर से इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए प्रत्येक विद्यालय को कुल 4,500 रुपये उपलब्ध कराए गए थे।

इसमें बिजली गिरने से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम के लिए 2,000 रुपये और सांप के काटने से होने वाली मौतों को कम करने के कार्यक्रम के लिए 2,500 रुपये शामिल थे। बावजूद इसके 72 विद्यालयों द्वारा न तो समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और न ही पोर्टल पर आवश्यक डेटा अपलोड किया गया।डीईओ कार्यालय के अनुसार, कई बार स्मरण पत्र जारी किए जाने के बावजूद प्रधानाध्यापकों की ओर से लापरवाही बरती गई, जिसे गंभीर प्रशासनिक अनुशासनहीनता माना गया है। इसके चलते वेतन रोकने का निर्णय लिया गया। कार्रवाई की जद में आए प्रधानाध्यापक विभिन्न ब्लॉकों से हैं।

सत्यवादी ब्लॉक में सबसे अधिक 14, पुरी सदर में 12, पिपिली में 11 और डेलंग में 9 प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका गया है। इसके अलावा निमापाड़ा, काकटपुर और अस्तरंग ब्लॉकों के स्कूल भी सूची में शामिल हैं। जिला शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि संबंधित विद्यालयों द्वारा पूरी रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज जमा किए जाने तक वेतन रोकने की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन के इस सख्त रुख से जिले के शिक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है।

## भारत और अमेरिका ने मादक पदार्थों की तस्करी के खतरों पर की चर्चा, नियंत्रण को लेकर की गई समीक्षा



**वाशिंगटन 23 जनवरी।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में द्विपक्षीय मादक पदार्थों के खिलाफ सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने अवैध मादक पदार्थों के प्रवाह को रोकने के लिए प्रभावी प्रवर्तन और बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। भारतीय दूतावास ने गुरुवार को एक पोस्ट में बताया कि क्वात्रा ने मादक पदार्थों के खिलाफ सहयोग पर भारत-अमेरिका ड्रग पॉलिसी फ्रेमवर्क कार्यकारी समूह की बैठक में उद्घाटन भाषण दिया। उनके साथ राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण नीति कार्यालय (ओएनडीसीपी) की निदेशक सारा कार्टर भी मौजूद थीं। दूतावास ने कहा, चर्चा में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और रासायनिक पदार्थों के हेरफेर के खतरों से निपटने के लिए पारस्परिक प्रयासों और निरंतर सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। अवैध प्रवाह को रोकने के लिए सक्रिय द्विपक्षीय समन्वय के माध्यम से प्रभावी और लक्षित प्रवर्तन पर बल दिया गया। भारत-अमेरिका ड्रग पॉलिसी फ्रेमवर्क कार्यकारी समूह एक द्विपक्षीय उच्च स्तरीय निकाय है, जिसे दोनों देशों के बीच मादक पदार्थों के खिलाफ और सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग के लिए एक व्यापक रणनीति की देखरेख और कार्यान्वयन के लिए स्थापित किया गया है।

## आधी रात को बरेली में गैंगवार जैसे हालात: SOG टीम को चोर समझकर गांव वालों ने घेरा, जान बचाकर भागे सिपाही




**बरेली, 23 जनवरी [एजेंसी]।**

चोरी की बैट्रियां पकड़ने पहुंची एसओजी पर गुरुवार रात हमला कर दिया गया। टीम ने फरीदापुर इनायत खां गांव जाने वाले रास्ते पर बैट्री लदा ट्रक रुकवा लिया था मगर, उसके पीछे आए डंपर का चालक हमलावर हो गया। उसने सिपाही पर डंडे से प्रहार किया, फिर गांव से दर्जनों की भीड़ बुला ली।चोर आने की अफवाह फैलाकर भीड़ एसओजी के सिपाहियों पर हमलावर रही। आधा घंटा अफरातफरी के बीच दो थानों की फोर्स पहुंची, तब एसओजी को भीड़ से छुड़ाया जा सका। देर रात बैट्रियां लदे ट्रक के चालक समेत आधा दर्जन को पुलिस ने पकड़ लिया था। एसओजी-द्वितीय को सूचना मिली थी कि बड़ा बाईपास के पास चोरी की बैट्रियां लेकर ट्रक जा रहा है।इसी आधार पर रात 10.30 बजे एसओजी प्रभारी देवेंद्र सिंह धामा को सूचना देकर चार सिपाही छापेमारी करने पहुंच गए थे। पुलिस के अनुसार, टीम ने बैट्री लदे ट्रक को फरीदापुर इनायत खां गांव जाने वाले रास्ते पर रुकवा लिया था। उसी दौरान ट्रक के पीछे खाली डंपर आ रहा था। सादा कपड़ों में ट्रक को रुकवाए खड़े सिपाहियों को देखकर डंपर चालक ने अभद्रता शुरू कर दी कि रास्ता क्यों रोक दिया। एसओजी के सिपाहियों ने परिचय दिया, इसके बावजूद वह उग्र हो गया। उसने डंपर से डंडा निकालकर सिपाही मधुर के सिर में मार दिया। अन्य सिपाही जवाबी कार्रवाई करते, इससे पहले बैट्री लदे ट्रक का चालक भागने लगा। दो सिपाही उसे पकड़ने के लिए दौड़े, शेष दो सिपाहियों की डंपर चालक से विवाद होने लगा।इस बीच डंपर चालक ने फोन कर गांव से भीड़ बुला ली जोकि चारों सिपाहियों को घेरकर पीटने लगी। स्थिति अनियंत्रित होती देख सिपाहियों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी कि हमला हो गया है। इसके बाद कैंट व बिथरी चैनपुर थाने से फोर्स पहुंची, तब सिपाहियों को बचाया जा सका।इस बीच हमलावर भाग गए। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि बैट्री चोरी पकड़ने गई एसओजी के सिपाही के सिर पर डंपर चालक ने डंडा मार दिया था।

### अमेरिका में बर्फीले तूफान का खतरा आधी आबादी पर पड़ सकता है असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शुक्रवार से लेकर पूरे सप्ताहांत के दौरान भीषण बर्फीले तूफान का अंदेशा जताया गया है। इसके चलते भारी बर्फबारी, वर्षा और शून्य से काफी नीचे तापमान जाने का अनुमान है। नतीजन आवागमन और बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे देश की करीब आधी आबादी यानी 15 करोड़ अमेरिकी प्रभावित हो सकते हैं।राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, यह तूफान देश की करीब आधी आबादी को प्रभावित कर सकता है। एपलाशियन और वेस्ट वर्जीनिया के पहाड़ों में 20 इंच तक बर्फबारी हो सकती है। जबकि पूर्वी अमेरिका में रहने वाले ज्यादातर लोगों को बर्फबारी के कारण आवागमन में भारी दिक्कतों और बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है। एनडब्ल्यूएस में मौसम विज्ञानी ब्रायन हर्ले ने बताया कि न्यूयॉर्क सिटी, बोस्टन, बाल्टीमोर और वाशिंगटन डीसी में शनिवार को चार से दस इंच तक बर्फबारी हो सकती है।

# बसंत पंचमी पर खिलखिलाई प्रकृति

**भारतीय धर्म में हर तीज-त्योहार के साथ अपनी दिलचस्प परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं। यहां हर माह कोई न कोई खास व्रत और त्योहार मनाया जाता है। अतः भारत को त्योहारों का देश कहा गया है। हिन्दू धर्म में वसंत/ बसंत पंचमी का त्योहार विशेष महत्व रखता है। इस दिन माता सरस्वती की पूजा की जाती है, जो वाणी और विद्या देवी मानी गई है।**




**बसंत पंचमी का महत्व**- भारतीय पंचांग में छः ऋतुएं मानी गई हैं। इनमें से एक वसंत को 'ऋतुओं का राजा' कहा जाता है। यह त्योहार फूलों के खिलने और नई फसल के आने का त्योहार है। यह मौसम प्रकृति को खुशनुमा बना देता है। बसंत/ वसंत पंचमी का त्योहार वसंत ऋतु में मनाया जाता है, जब फूलों पर बहार, जौ और गेहूं की बालियां खिलने लगती हैं, खेतों में सरसों और आमों के पेड़ों पर बौर आने लगते हैं तब वसंत पंचमी का त्योहार आता है। इन दिनों हर तरफ तितलियां मंडराते हुए दिखाई देने लगती हैं।

**सरस्वती पूजा**- हिन्दू धर्म के अनुसार वसंत पंचमी धार्मिक उत्सव का दिन है। इस दिन देवी सरस्वती की जयंती यानी जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है तथा उनकी पूजा-आराधना विशेष रूप से की जाती है। इन्हें शारदा, वीणावादिनी, बागीश्वरी, भगवती और वाग्देवी आदि नामों से भी जाना जाता है। इस पर्व के दिन सिर्फ बच्चे ही नहीं बल्कि स्कूलों, ऑफिसों तथा संगीत और साहित्य की साधना करने वाले साधक भी वसंत पंचमी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।

माना जाता है इस दिन वीणावादिनी, हंस पर विराजमान माता सरस्वती मनुष्य के जीवन में छाई अज्ञानता को मिटाकर उन्हें ज्ञान और बुद्धि का उपहार देकर उनका कल्याण करती है। इस दिन देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करके नई कॉपी, पुस्तकें, पेन तथा अन्य पूजन सामग्री माता के सामने रखकर माता सरस्वती का विधिवत पूजन किया जाता है। तत्पश्चात मौली, मौसमी फल, पुष्प, धूप, दीप, मिठाई, वस्त्र आदि वस्तुएं मां के चरणों में अर्पिक करके इस पर्व को मनाया जाता हैं। स्कूलों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके देवी सरस्वती की आराधना तथा प्रार्थना की जाती है। तत्पश्चात प्रसाद वितरण भी किया जाता है।

**कथा**- सृष्टि की रचना करते समय ब्रह्मा जी ने मनुष्य और जीव-जंतु योनि की रचना की। इसी बीच उन्हें महसूस हुआ कि कुछ कमी रह गई है जिसके कारण सभी जगह सन्नाटा छाया रहता है। इस पर ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से जल छिड़का जिससे चार हाथों वाली एक सुंदर स्त्री, जिसके एक हाथ में वीणा थी तथा दूसरा हाथ वरमुद्रा में था तथा अन्य दोनों हाथों में पुस्तक और माला लिए एक देवी प्रकट हुई। ब्रह्मा जी ने वीणावादन का अनुरोध किया जिस पर देवी ने वीणा का मधुर नाद किया।

जिस पर संसार के समस्त जीव-जंतुओं में वाणी व जल धारा कोलाहल करने लगी तथा हवा सरसराहट करने लगी। तब ब्रह्मा जी ने उस देवी को 'वाणी की देवी सरस्वती' का नाम दिया। वसंत पंचमी के दिन ही ब्रह्मा जी ने माता सरस्वती की उत्पत्ति की थी, यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष वसंत पंचमी के दिन ही देवी सरस्वती का जन्मदिन मान कर पूजा-अर्चना की जाती है।

यह दिन सभी भारतीयवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, अत: यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि हम प्रकृति से छेड़छाड़ न करें। आजकल इस पर्व पर आयोजन को लेकर जबरन चंदा वसूली भी किया जाता है, जो कि सरासर गलत है। इस दिन माता का पूजन पूरे मन से करना चाहिए, और प्रकृति-पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेकर दिल में धर्म के प्रति पवित्रता तथा प्रकृति के संरक्षण के प्रति विशेष ध्यान देना चाहिए।



## पथरी से राहत दिलाने में मदद करता है सर्पासन, ऐसे करता है काम

डिजिटल दुनिया में मोबाइल, लैपटॉप और लंबे समय तक कुर्सी पर बैठे रहने की आदत ने हमारी दिनचर्या को सुस्त बना दिया है। नतीजा यह है कि शरीर के अंदरूनी अंग ठीक से काम नहीं कर पाते, मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं और कई बीमारियां जन्म लेने लगती हैं। इन्हीं समस्याओं में एक बड़ी परेशानी है किडनी से जुड़ी दिक्कतें, खासकर पथरी की। गलत खान-पान, कम पानी पीना और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण आज कम उम्र के लोग भी पथरी की समस्या से जूझ रहे हैं। जब किडनी में पथरी होती है, तो शरीर के अंदर जमा गंदगी बाहर नहीं निकल पाती। इससे तेज दर्द, जलन और कई बार संक्रमण तक हो जाता है। आमतौर पर लोग दवाइयों या ऑपरेशन का सहारा लेते हैं, लेकिन अगर समय रहते जीवनशैली सुधारी जाए, तो इस परेशानी से काफी हद तक बचा जा सकता है। योग इसी दिशा में एक सरल और प्राकृतिक उपाय है। योग शरीर को बिना नुकसान पहुंचाए अंदर से मजबूत करता है। इन्हीं योगासनों में एक प्रभावी आसन है सर्पासन, जिसे भुजंगासन या कोबरा पोज भी कहा जाता है।

सर्पासन दिखने में जितना आसान है, असर में उतना ही गहरा है। यह आसन शरीर के निचले हिस्से, खासकर पेट और कमर के आसपास के अंगों पर सीधा प्रभाव डालता है। जब हम सर्पासन करते हैं, तो पेट के बल लेटकर शरीर को ऊपर उठाया जाता है। इस दौरान पेट, कमर और रीढ़ की हड्डी पर हल्का दबाव पड़ता है। यही दबाव किडनी के लिए फायदेमंद साबित होता है। इससे किडनी के आसपास की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं और वहां जमा विषैले तत्व धीरे-धीरे बाहर निकलने की प्रक्रिया तेज होती है।

पथरी बनने की एक बड़ी वजह यह भी है कि किडनी ठीक से साफ नहीं हो पाती। सर्पासन करने से शरीर के अंदर रक्त संचार बेहतर होता है। जब खून का बहाव तेज और सही दिशा में होता है, तो किडनी को ज्यादा ऑक्सीजन और पोषण मिलता है। इससे किडनी अपनी सफाई का काम अच्छे से कर पाती है। नियमित अभ्यास से छोटी पथरी धीरे-धीरे टूटकर पेशाब के रास्ते बाहर निकलने में मदद मिल सकती है। यही वजह है कि योग विशेषज्ञ पथरी के शुरुआती चरण में सर्पासन को काफी उपयोगी मानते हैं।

सिर्फ पथरी ही नहीं, सर्पासन रीढ़ की हड्डी को भी मजबूती देता है। आजकल कमर और पीठ दर्द आम समस्या बन गई है। इस आसन से पीठ की मांसपेशियां खिंचती हैं और उनमें लचीलापन आता है। इससे रीढ़ सीधी और मजबूत बनती है। मजबूत रीढ़ का सीधा असर शरीर के बाकी अंगों पर भी पड़ता है।

मानसिक तनाव भी कई बीमारियों की जड़ होता है। जब शरीर में दर्द या कोई अंदरूनी समस्या होती है, तो मन भी बेचैन रहता है। सर्पासन करते समय गहरी सांस ली जाती है, जिससे फेफड़े अच्छे से काम करते हैं और दिमाग तक ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचती है। इससे मन शांत होता है और तनाव कम होने लगता है।

## सर्दियों में ठंड से बचने के लिए घर पर ऐसे बनाएं ऊनी दस्ताने



ठंड के मौसम में हाथों को गर्म रखना बहुत जरूरी है, खासकर जब आप बाहर होते हैं या किसी खुले स्थान पर काम कर रहे होते हैं। बाजार में कई तरह के ऊनी दस्ताने मिलते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि घर पर भी इन्हें आसानी से बनाया जा सकता है? इस लेख में हम आपको घर पर ऊनी दस्ताने बनाने की प्रक्रिया बताएंगे, जिसके लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं करना पड़ेगा।

ऊन का सही चयन करें

ऊनी दस्ताने बनाने के लिए सबसे पहले सही ऊन का चयन करें। बाजार में आपको अलग-अलग मोटाई और रंगों में ऊन मिलेंगे। मोटा ऊन ठंड से बेहतर तरीके से बचा सकता है, इसलिए मोटे ऊन का चयन करें। रंगों का चयन आप अपनी पसंद और उपलब्धता के अनुसार कर सकते हैं। ध्यान रखें कि ऊन अच्छी गुणवत्ता वाला हो ताकि वह लंबे समय तक टिक सके और आसानी से काम किया जा सके।

हाथों का माप लें और काटें

दस्ताने बनाने के लिए सबसे पहले अपने हाथों का माप लें ताकि दस्ताने आपके हाथों पर अच्छे से फिट हों। इसके लिए आप एक कागज पर अपने हाथों का माप लें और फिर उसे काटकर एक नमूना बना लें। नमूना बनाने के बाद इसे ऊन पर रखें और इसके अनुसार काटें। इस तरह आपके पास दो हिस्से तैयार हो जाएंगे, जिन्हें आप बाद में सिलकर दस्ताने बना सकते हैं।

सिलाई की प्रक्रिया-अब बारी आती है सिलाई की। दोनों कटे हुए हिस्सों को एक साथ लाकर सिलाई करें ताकि दस्ताना पूरा बन जाए। ध्यान रखें कि सिलाई अच्छी तरह से हो ताकि दस्ताना मजबूत रहे और जल्दी न फटे। आप चाहें तो सिलाई करने से पहले दोनों हिस्सों को पिन लगाकर रखें ताकि वे अपनी जगह पर स्थिर रहें और सिलाई करते समय हिले नहीं। इसके बाद आपका पहला ऊनी दस्ताना तैयार हो जाएगा, जिसे आप तुरंत इस्तेमाल कर सकते हैं।

उंगलियों के लिए भी बनाएं

दस्तानों के मुख्य हिस्से के अलावा उंगलियों के लिए भी अलग-अलग छोटे-छोटे टुकड़े काटें और उन्हें भी सिलाई करें। इसके लिए आप पहले उंगलियों वाले हिस्से को सिलाई करें, फिर उसके ऊपर उंगलियों वाले हिस्से को सिलाई करें। इस तरह आपका पूरा ऊनी दस्ताना तैयार हो जाएगा, जिसे आप आसानी से पहन सकते हैं और ठंड से बच सकते हैं। इस प्रक्रिया को अपनाकर आप अपने परिवार के लिए भी अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में दस्ताने बना सकते हैं।

सफाई और देखभाल करें

अब जब आपके पास एक बेहतरीन ऊनी दस्ताना तैयार हो गया है तो उसकी सफाई और देखभाल भी जरूरी है ताकि वह लंबे समय तक चल सके। दस्तानों को धोने के लिए हल्के साबुन का उपयोग करें और ठंडे पानी में धोएं ताकि उनका आकार बरकरार रहे। इन्हें हवा में सूखाएं और गर्म स्थानों पर रखने से बचें। इस प्रकार इन सरल चरणों का पालन करके आप आसानी से घर पर ही ऊनी दस्ताने बना सकते हैं।

## डेटिंग के लिए प्रोफेशन नहीं, इंसान मायने रखता है : शिवांगी जोशी

टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री शिवांगी जोशी अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह रखती हैं। उन्होंने हाल ही में डेटिंग और रिलेशनशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। अभिनेत्री ने हाल ही में बालाजी टेलीफिल्म्स के पॉपुलर पॉडकास्ट ऑनेस्टली, व्हाई नॉट? में स्पेशल गेस्ट के तौर पर शिरकत की थी। इस शो में होस्ट ने अभिनेत्री से मनोरंजन जगत के लोगों को डेट करने के बारे में सवाल किया था। होस्ट ने पूछा था कि क्या वे इंडस्ट्री के लड़कों को डेट करना पसंद करेंगी या नहीं। इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने साफ तरीके से कहा कि उनके लिए किसी भी रिश्ते की नींव इंसानियत, आदर और आपसी समझ पर टिकी होना जरूरी है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि प्यार का किसी इंडस्ट्री या प्रोफेशन से कोई लेना-देना है। यह पूरी तरह से इंसान पर निर्भर करता है। असल में ये सब सम्मान, समझदारी, सच्चा प्यार और अच्छे मूल्यों पर आधारित होता है। इसलिए किसी का प्रोफेशन मेरे लिए मायने नहीं रखता है। हालांकि, अभिनेत्री अपनी लव लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रहती हैं। उनका नाम मोहसिन खान और कुशाल टंडन के साथ जोड़ा जाता है। शिवांगी ने अपने करियर में टीवी से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक में काम किया है, लेकिन आज भी फैंस उन्हें ये रिश्ता क्या कहलाता है से पहचानते हैं। इस शो में वे नायरा के किरदार में नजर आई थीं। शो में उनके अपोजिट मोहसिन खान नजर आए थे। कहा जाता है कि शो के दौरान दोनों रिलेशन में थे। हालांकि, फिर उन्होंने ब्रेकअप कर लिया था, लेकिन दोनों ने कभी भी अपने ब्रेकअप को लेकर बात नहीं की।



इसके बाद अभिनेत्री टीवी सीरियल बरसातें में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ कुशाल टंडन थे। शो के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में प्यार में बदल गई थी। वहीं, कुछ समय बाद उनके ब्रेकअप की खबरें सामने आईं। इस बात की पुष्टि खुद कुशाल ने सोशल मीडिया पर की थी, यह बताते हुए कि वे अब साथ नहीं हैं और उनकी सोच नहीं मिलती थी।

## तेजस्वी प्रकाश ने तस्वीरों के जरिए दिखाई अपनी अब तक की शानदार जर्नी



टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश मनोरंजन जगत में काफी समय से काम कर रही हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में तेजस्वी अपने पुराने सीरियल के किरदार में नजर आ रही हैं। कुछ फोटोज में वे अपने उस समय के लुक में दिख रही हैं, तो कुछ में वे अपने दोस्तों और साथी कलाकारों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं कुछ तस्वीरें फोटोशूट की हैं, जहां वे स्टाइलिश और ट्रेंडी कपड़ों में पोज दे रही हैं। ये तस्वीरें उनके सफर की शुरुआत को दर्शाती हैं, जब वे टीवी स्क्रीन पर पहली बार दर्शकों के सामने आई थीं। तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री ने लिखा, 2016 मेरा दिल है और हमेशा ऐसा ही रहेगा। फैंस अभिनेत्री की तस्वीरों को देखते ही ढेर सारे लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, कई यूजर्स तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री ने टेलीविजन में 2612 से डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने रश्मि भार्गव का किरदार निभाया था, लेकिन उन्हें असली पहचान कलर्स टीवी के शो स्वरागिनी में रागिनी के किरदार से मिली थी। इसके बाद 2018 में वे कर्ण संगिनी और सिलसिला बदलते रिश्तों का में भी नजर आईं।

तेजस्वी प्रकाश 2017 में सोनी टीवी के टीवी सीरियल पहरेदार पिया की में दिया सिंह के तौर पर मुख्य भूमिका में नजर आई थीं, लेकिन बाल विवाह केंद्रित कहानी होने के कारण प्रसारण के कुछ दिन बाद ही सीरियल विवादों में घिर गया था। दरअसल, इस सीरियल में दिया सिंह की शादी एक छोटे बच्चे से होती दिखाई जाती है और वे उसकी रक्षा का जिम्मा उठाती हैं।

फिर अभिनेत्री ने रियलिटी शो जैसे खतरों के खिलाड़ी 10 और बिग बॉस 15 (जिसकी वह विजेता बनीं) में काम किया और उसके बाद वह नागिन 6 में नजर आई थी। इसी के साथ ही अभिनेत्री ने रोहित शेट्टी की मराठी फिल्म स्कूल कॉलेज आनी लाइफ से मराठी सिनेमा में डेब्यू किया।

## शब्द सामर्थ्य -294


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 293 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

# कमर्जी समिति में किसानों का शोषण जारी, प्रबंधक की दबंगई से किसान हमाली करने को मजबूर





**जनकपुर।** एमसीबी जिले के कोटाडोल तहसील अंतर्गत कमर्जी समिति में प्रबंधक की दबंगई के आगे सरकार के सारे नियम कानून की धज्जियाँ उड़ रही है। यहां समिति में अपनी खून पसीने से तैयार की गई धान उपज को समर्थन मूल्य पर बिक्री करने आने वाले किसान प्रबंधक की दबंगई से हम्माली करने को मजबूर हो रहे है। जबकि शासन द्वारा समितियों में धान उपज को बिक्री के लिए लेकर आने वाले किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए शासन द्वारा नियम कानून बनाकर दिशा निर्देश जारी करती है। लेकिन कमर्जी समिति प्रबंधक अरविन्द पाण्डेय की दबंगई और इसके मातहत कर्मचारियों की मनमानी से किसान त्रस्त हो रहे है। इनके द्वारा किसानों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है। कमर्जी धान खरीदी केंद्र का प्रबंधक अरविन्द पाण्डेय दबंगई और मनमानी करते हुए किसानों से प्रति बोरी अतिरिक्त धान जबरन ले रहा है, और किसानों को धमकाकर उनसे हम्माली का कार्य कराता है। कमर्जी समिति में आने वाले अन्नदाताओ पर प्रबंधक द्वारा दबाव बनाकर जबरन 41 किलो से ज्यादा धान लिया जा रहा है। किसानों द्वारा अतिरिक्त धान देने से इंकार करने पर प्रबंधक किसानों के उपज में कमी बताकर उनका धान लेने से इंकार करने की धमकी देता है। जिससे किसान अपनी मेहनत से तैयार किया गया धान उपज में डंडी मरवाने को मजबूर हो रहें है। कमर्जी समिति में धान उपज लेकर आने वाले किसान गुलाब सिंह, लखन प्रताप, राजकुमार, ने बताया कि प्रबंधक हम किसानों को समिति से एक भी मजदूर नहीं दिया गया है। जिससे हम किसान स्वयं से धान का ढाला करते है, स्वयं धान को बोरी में भरते है और 41 किलो से ज्यादा वजन तौलकर बोरी की सिलाई करते है और अंत में धान से भरी बोरी को उठाकर छल्ली लगाते है।

# दृष्टिबाधित दंपति के घर पहुँचा स्वास्थ्य विभाग का चिकित्सा दल, किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** ग्राम पोंडी के पंडोपारा निवासी 80 वर्षीय सोमार साय, पिता कतलू राम एवं उनकी पत्नी मानकुंवर के घर स्वास्थ्य विभाग का चिकित्सा दल पहुँचा, जहाँ दोनों का मौके पर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि सोमार साय को पूर्व में कॉर्निया से संबंधित गंभीर बीमारी थी। लगभग 25-30 वर्ष की आयु में उनकी एक आँख स्वतः बंद हो गई थी, जबकि दूसरी आँख वर्ष 1980-85 के आसपास खराब हो गई। वर्तमान में उन्हें कोई अन्य गंभीर बीमारी नहीं है। वहीं उनकी पत्नी मानकुंवर को बचपन में हुई एक दुर्घटना के कारण दोनों आँखों की रोशनी चली गई थी। वर्तमान में पति-पत्नी दोनों ही पूर्णतः दृष्टिबाधित हैं। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य टीम ने दोनों का ब्लड ग्लूकोज (बी.जी.) परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयाँ प्रदान कीं। साथ ही कैल्शियम सिरप एवं मल्टीविटामिन टैबलेट भी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राही को आयुष्मान कार्ड पहले ही उपलब्ध कराया जा चुका है। सोमार साय एवं उनकी पत्नी को शासन की ओर से प्रति माह 500-500 रुपए की पेंशन प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त पत्नी को महतारी वंदन योजना के तहत लाभ भी मिल रहा है। हितग्राही को वर्ष 2016-17 में अटल आवास योजना का लाभ दिया गया है। पूर्व में उन्हें सहायक उपकरण के रूप में नकली पैर, बैसाखी एवं छड़ी भी प्रदान की जा चुकी है, जो वर्तमान में उनके पास उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाइयों के साथ मच्छरदानी भी दी गई है। परिवार के पास राशन कार्ड भी उपलब्ध है।स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से दृष्टिबाधित दंपति को राहत मिली है तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें निरंतर मिल रहा है। चिकित्सा दल में डॉ. प्रवीण दुबे (चिकित्सा अधिकारी), आर. बी. दिवाकर (नेत्र सहायक अधिकारी), रत्नेश शुक्ला (मलेरिया प्रवेक्षक), दिलीप पांडेय (सुपरवाइजर) एवं आर.एच.ओ. लालचंद शामिल रहे।

## जल संरक्षण की दिशा में ग्रामीणों व विद्यार्थियों को किया जागरूक

**कोरिया बैकुंठपुर।** विकासखण्ड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगहना में विगत दिनों छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह का आयोजन शासकीय हाई स्कूल एवं प्राथमिक शाला परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, ग्राम जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। समारोह के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य की विकास यात्रा, उपलब्धियों एवं योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बच्चों को शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व बताया। इस अवसर पर पीएचई विभाग के एसीडीओ प्रखर बेले एवं आईईसी समन्वयक अनुज मिश्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों की सराहना की।



# बालगृह कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, नौकरी यथावत रखने की मांग

**कोरिया बैकुंठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत हल्रह द्वारा संचालित बालगृह में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी सेवाएं यथावत रखे जाने की मांग की है।

कर्मचारियों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से अनाथ, निराश्रित एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की सेवा पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते आ रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से कोरोना महामारी काल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में, जब पूरा देश भय और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था, तब भी उन्होंने अपने परिवारों को छोड़कर बालगृह में रहकर बच्चों की देखभाल की। कर्मचारियों ने बताया कि कोरोना काल में कई महीनों तक वे बालगृह परिसर में ही रहकर बच्चों की सुरक्षा, भोजन, इलाज, पढ़ाई और मानसिक देखभाल की जिम्मेदारी निभाते रहे और अपनी जान की परवाह किए बिना बच्चों को अकेला नहीं छोड़ा। अब कर्मचारियों ने आशंका जताई है कि उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं, जिससे उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। साथ ही, इसका सीधा असर बालगृह में रह रहे बच्चों की देखरेख और व्यवस्था पर भी पड़ेगा, क्योंकि वर्तमान कर्मचारी इस कार्य में पूरी तरह प्रशिक्षित और अनुभवी हैं। कर्मचारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि उनकी सेवा, अनुभव और त्याग को देखते हुए हल्रह द्वारा संचालित बालगृह में कार्यरत सभी कर्मचारियों को यथावत सेवा में रखा जाए, ताकि बच्चों की देखभाल की व्यवस्था बाधित न हो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालगृह कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की।

# संकुल स्तर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अंतर्गत संकुल सारा में संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 10 प्राथमिक एवं 3 पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र / छात्राओं ने भाग लिया।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती सौभाग्यवती जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पुनीता सिंह श्याम जनपद पंचायत सदस्य, श्रीमती सोनकुंवर सरपंच सारा , संतोष सिंह अर्मो सरपंच गदबदी , जगरनाथ सरपंच रटंगा, मानसिंह उप सरपंच ग्राम पंचायत सारा,श्रीमती सुशीला सिंह श्याम राम शंकर सिंह, विनय मोहन भट्ट डाईट प्राचार्य कोरिया, श्रीमती रेखा यादव कार्यक्रम अध्यक्ष व संकुल प्रभारी,संदीप शुक्ला, श्रीमती तारा निकुंज, श्रीमती सुनीता तिर्की, कृष्ण पाल यादव, वकील प्रसाद ,संतोष सिंह, मरकुश बेलसाजर, श्रीमती नीलम विश्वकर्मा, श्रीमती प्रेमवती, मोहन राम यादव,श्रीमती पूजा कश्यप, आलोक सिंह कश्यप, नीतिश कुमार साहू, नीरज सोनी, बहादुर राजवाड़े, राम नारायण सिंह, श्रीमती शीतल खरे, श्रीमती शिल्पी , सुश्री श्वेता तिवारी , सुश्री आरती गजेन्द्र , द्राक्षलता लकड़ा , यतिंद्र साहू, राजेन्द्र पाल सिंह, किशन सोनी, रोशनी ओटी, शोयब इमाम, दिनेश कुमार नायक , गौरी शंकर साहू ,राघव प्रताप सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां भगवती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष वंदन, दीप प्रज्वलन मालार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का जय जगदम्मा कर्मा दल सारा के द्वारा शानदार



नृत्य एवं शिक्षको व बच्चो के द्वारा पुष्प गुच्छ , मालार्पण कर भव्य स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन अशोक लोधी, सुखलाल राजवाड़े, श्रीमती नीतू कुशवाहा , इंदरमन मिर्झा एवं राजेंद्र सिंह पाल के द्वारा किया गया। संकुल के सभी विद्यालयों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक शिक्षाप्रद, हास्य प्रद, देश भक्ति से ओतप्रोत एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित्व नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुत किए।

जिसमें सभी को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता , विभिन्न राज्यों जैसे राजस्थानी फोक नृत्य, छत्तीसगढ़ी गेड़ी नाच, सैला, सुआ, कर्मा, राउत नाचा, दक्षिण भारत की नृत्यकला, पोशाक एवं संस्कृति का संगम दृश्य देखने का अवसर प्राप्त हुआ। नाटक के माध्यम से स्वच्छता, पेड़ हमारे एवं पूरे प्रकृति के लिए कितने आवश्यक हैं, यह दिखाया गया। साथ ही पूरे संकुल के छात्र, शिक्षक, पालक व सभी दर्शकों के लिए महा न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार अशोक लोधी , सुखलाल राजवाड़े, आनंद गुप्ता, राजेश सिंह, श्रीमती नीतू कुशवाहा, श्रीमती पूजा कश्यप, चन्द्रिका राजवाड़े, संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, एस.एम. सी. सदस्यों एवं सफाई कर्मचारियों के कठिन परिश्रम एवं सुनियोजित व्यवस्था से यह सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## 544 किसानों ने किया रकबा समर्पण

**सूरजपुर।** कसलगिरी धान समिति केंद्र में नायब तहसीलदार मीना सिंह, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि अब तक 544 किसानों द्वारा कुल 37.507 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया जा चुका है। वहीं आज हल्का पटवारी द्वारा सात किसानों के टोकनों का सत्यापन किया गया, जिसमें 473.8 क्विंटल धान से संबंधित 9.000 हेक्टेयर रकबे के टोकन को धान समिति केंद्र में जमा कर पावती प्राप्त की गई। संबंधित किसानों को नियमानुसार रकबा समर्पण करने के निर्देश दिए गए।

# श्रमिकों और छोटे व्यापारियों के लिए वृद्धावस्था सुरक्षा की मजबूत पहल



**कोरिया बैकुंठपुर।** वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना और राष्ट्रीय पेंशन योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई।

बैठक में योजना के लाभ, पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक असंगठित श्रमिकों और छोटे व्यापारियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और ग्राम एवं नगरीय स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएँ। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से योजना को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का भी निर्देश दिया। असंगठित श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन (पेंशन योजना) के लिए हितग्राही की उम्र 18-40 वर्ष होना जरूरी है। वह असंगठित क्षेत्र के श्रमिक होना भी आवश्यक है तथा उनकी मासिक आय 15,000 या उससे कम होना चाहिए। इसके लाभार्थियों को 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 प्रति माह पेंशन; मृत्यु पर जीवनसाथी को 50 प्रतिशत फैमिली पेंशन का लाभ मिलेगा। वार्षिक कारोबार 1.5 करोड़ से कम, अंशदान लाभार्थी द्वारा 55-200 प्रति माह, सरकार द्वारा 50 प्रतिशत योगदान होगा। 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 पेंशन; मृत्यु पर जीवनसाथी को 1,500 पेंशन दी जाएगी। इच्छुक लाभार्थी अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर दस्तावेज़ के साथ आवेदन कर सकते हैं। आधार कार्ड, बैंक पासबुक, नॉमिनी का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर (ओटीपी के लिए)। ये योजनाएं असंगठित श्रमिकों, रेहड़ी-पटरी वालों, घरेलू कामगारों, दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को वृद्धावस्था में आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने की दिशा में कारगर साबित होगी।

## लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर तीन शिक्षक निलंबित

**सूरजपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय विद्यालयों में पदस्थ तीन शिक्षकों को लापरवाही एवं अनुशासन हीनता बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गणेशपुर के प्राचार्य मुरित राम कोसरिया एवं व्याख्याता राजेश कुमार चौधरी, साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सभान राम सिंह के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 03 एवं नियम 05 के विपरीत कार्य करने का मामला पाया गया।

# डर नहीं, विश्वास रखो-कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दिया आत्मबल का मंत्र

**कोरिया बैकुंठपुर** / बोर्ड परीक्षा का नाम आते ही विद्यार्थियों के मन में तनाव और चिंता घर कर लेती है, लेकिन ऐसे समय में जब प्रशासन स्वयं छात्रों के बीच पहुँचकर उनका हौसला बढ़ाए, तो आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ फरवरी माह में आयोजित होने जा रही हैं। इसी कड़ी में कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना एवं आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय पटना का भ्रमण कर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से आत्मीयता के साथ बात करते हुए कहा, 'परीक्षा आपके ज्ञान को परखने का माध्यम है, आपकी क्षमता को नहीं। तनाव को खुद पर हावी न होने दें, मेहनत ईमानदारी से करें और अपने लक्ष्य पर भरोसा रखें।' उनके शब्दों ने विद्यार्थियों के मन से डर को दूर करने का काम किया। उन्होंने छात्रों को प्रतिदिन लिखित अभ्यास करने, समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करने और बोर्ड के ब्लू प्रिंट को ध्यान में रखकर तैयारी करने के सरल लेकिन प्रभावी मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। कलेक्टर ने कहा सफलता की पहली सीढ़ी आत्मविश्वास है तो असफलता की पहली सीढ़ी डर है। आत्मविश्वास से सफलता मिलेगी, वहीं डर से असफलता मिलने की सम्भावना बनी होती है। इसलिए पूरे मनोयोग से पढ़ाई-लिखाई पर फोकस करें। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को केवल पढ़ाएँ ही नहीं, बल्कि उनका मार्गदर्शन और मनोबल भी बढ़ाएँ।

# पोषण स्तर बढ़ाने व मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए हर संभव प्रयास जरूरी

## यूनिसेफ के राज्य सलाहकार डॉक्टर अक्षय तिवारी से खास मुलाकात

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में त्रिदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ मृत्यु अनुपात कम करना और एलबीडब्ल्यू (कम वजन वाले शिशु) शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, यूनिसेफ राज्य सलाहकार डॉ. अक्षय तिवारी एवं डॉ. प्रीतम राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, महिला बाल विकास विभाग, नीति आयोग और प्रशिक्षण शाखा के अधिकारी तथा अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की मृत्यु के कारणों और उनके समाधान पर चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि मातृ स्वास्थ्य सुधारने के लिए समाज, परिवार और समुदाय को मिलकर काम करना होगा। प्रशिक्षण में गांवों में समितियों का गठन, पोषण पर ध्यान, एंटीनेटल केयर (ह्रष्ट) की गुणवत्ता बढ़ाना और समय पर स्वास्थ्य निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में महिला पोषण, विटामिन्स, फोलिक एसिड, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की आवश्यकता और एलबीडब्ल्यू शिशुओं के जोखिम कम करने के उपाय पर ध्यान केंद्रित किया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान और नियमित परामर्श के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुपोषण को हर स्तर पर दूर करने की लड़ाई जारी रहेगी।उन्होंने महिलाओं की सेहत और एनीमिया रोकने के लिए सुपोषण और पोषणयुक्त आहार पर विशेष जोर दिया ताकि जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ और सही वजन के साथ जन्म लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने कहा कि यह त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने में अत्यंत मददगार साबित होगी। उन्होंने कम वजन वाले जन्म दर को कम करने में स्वास्थ्यकर्मी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिले में मातृ मृत्यु दर घटाने और शिशु स्वास्थ्य सुधारने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण है।

# ग्राम जिल्दा में स्वच्छ पेयजल की दिशा में पहल तेज, कुएं में डाला गया ब्लीचिंग पाउडर

## जल जीवन मिशन के तहत व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी, ग्रामीणों में जगी उम्मीद


**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के ग्राम पंचायत जिल्दा में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में प्रशासनिक प्रयास तेज हो गए हैं। ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कन्टेलीपारा स्थित कुएं में सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का घोल डाला गया, जिससे पानी को अस्थायी रूप से स्वच्छ बनाए रखने की पहल की गई है।



ग्राम पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई थी, जिसे देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को उबालकर पानी पीने, स्वच्छता बनाए रखने और मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में नल कनेक्शन, पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। अब प्रशासन द्वारा इन संरचनाओं को क्रियाशील करने की दिशा में आवश्यक तकनीकी जांच और सुधार की प्रक्रिया शुरू किए जाने की जानकारी दी गई है। इससे निकट भविष्य में गांव के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचने की उम्मीद जगी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों से संवाद कर स्वच्छ पानी के महत्व को समझाया गया तथा जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए सतर्कता बरतने की अपील की गई। कुएं में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर डालने और जल स्रोतों की निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं।

गांव के लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय बाद पेयजल समस्या को लेकर ठोस कदम उठते दिखाई दे रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गांव के सभी हैंड पंपो में ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया जा रहा है। जानकारी भी दी गई कि यह ग्राम समूह जल प्रदाय योजना के तहत शामिल किया गया है। वर्तमान में दो सोलर लगे हुए हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति होने की जानकारी दी गई। गांव में दो हेण्डपम्प खनन की स्वीकृति भी मिल चुकी जिसे शीघ्र खनन कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों को विश्वास है कि शीघ्र ही जल जीवन मिशन के तहत गांव में नल से भी जल आपूर्ति शुरू होगी और उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित पानी उपलब्ध होगा।

## सरगुजा ओलंपिक में भाग लेने 25 जनवरी तक होगा पंजीयन



जनकपुर। विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले सरगुजा ओलम्पिक 2025 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2026 निर्धारित है। पंजीयन के सम्बन्ध में जनकपुर नगर पंचायत के सीएमओ आर. डी. बर्मन ने भरतपुर ब्लाक के समस्त खिलाड़ियों से सरगुजा ओलम्पिक 2025 में भाग लेने के लिए पंजीयन कराने अपील करते हुए कहा कि नगर पंचायत जनकपुर कार्यालय, जनपद पंचायत भरतपुर कार्यालय एवं भरतपुर ब्लाक अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत कार्यालय, सभी हाई स्कूल, सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल, जनकपुर कॉलेज, आई. टी. आई. जनकपुर में ऑफ लाइन पंजीयन करा सकते है एवं https://rymc.cg.gov.in/sarguja Olympic2025 में ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। सरगुजा ओलम्पिक 2025 में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का न्यूनतम आयु - 14 वर्ष है और अधिकतम आयु की कोई सीमा नही है। ओलंपिक 2025 के विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से सायं 04 बजे तक पंजीयन किया जाएगा। अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गई है। सीएमओ ने नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों सहित समस्त ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में खिलाड़ियों को पंजीयन के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक युवा खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन में सहभागिता कर सकें।

# डीएम के गनमैन ने की मारपीट, दीपका के नायब तहसीलदार भगत अनशन पर

## आनाकानी करते रहे थाना प्रभारी एफआईआर दर्ज करने में

**कोरबा।** सिस्टम में सुधार को लेकर लगातार बात की जा रही है लेकिन हो कुछ नहीं रहा है। आलम यह है कि वर्दी की आड़ में कोई भी किसी को भी प्रताड़ित करने से पीछे नहीं है। कोरबा जिले से दीपका के नायाब तहसीलदार बंदेराम भगत को इसी चक्कर में पुलिस थाना के सामने अनशन करना पड़ा। आरोप है कि कलेक्टर के गनमैन ने भगत के पुत्र से जमकर मारपीट की, जिसमें वह जख्मी हो गया।




नायाब तहसीलदार बंदेराम भगत को सुशासन के दौर में कलेक्टर के गनमैन के खिलाफ न्याय की मांग करने के लिए इस तरह का कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा।आरोप है कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर के गनमैन हरिशचंद्र गुमान ने भारत माता चौक पर नायब तहसीलदार के पुत्र राहुल भगत के साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की। मारपीट इतनी गंभीर थी कि राहुल के कान का पर्दा फट गया। घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी गई, लेकिन 48 घंटे तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

नायब तहसीलदार भगत ने तरूण छत्तीसगढ़ को बताया कि वे गुरुवार दोपहर से थाने में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी को 8-10 बार फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठाया गया। जब संपर्क हुआ भी तो केवल टालमटोल भरे जवाब दिए गए। न जांच अधिकारी और न ही अन्य पुलिसकर्मी कोई स्पष्ट स्थिति बताने में सक्षम रहे।

पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत होकर नायब तहसीलदार ने साफ कह दिया कि जब तक एफआईआर की प्रति नहीं मिलेगी, वे अन्न और जल ग्रहण नहीं करेंगे। एक जिम्मेदार राजपत्रित अधिकारी का इस तरह थाने के सामने बैठने से सुशासन की पोल खुल गई।

अनशन की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। सवाल अब भी कायम है कि जब एक तहसीलदार के बेटे को न्याय के लिए अनशन करना पड़े, तो आम नागरिक की सुनवाई कितनी सहज होगी?

***प्राथमिकी दर्ज होने पर प्रदर्शन खत्म***

*दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा ने खबर की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर हस्तक्षेप होने के बाद पुलिस ने देर रात कलेक्टर के गनमैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है, जिसके द्वारा नायब तहसीलदार के पुत्र राहुल से मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। प्राथमिकी दर्ज होने पर कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बंदेराम भगत ने अपना अनशन समाप्त कर दिया।*

***लगातार हो रही घटनाओं से विपक्ष को मिल रही ताकत***

*विभिन्न क्षेत्रों में आये दिन इस प्रकार की घटनाओं में कार्यवाही करने के बजाए प्रशासन और पुलिस का रूख विपक्ष को सरकार के खिलाफ हमलावर होने का मौका दे रहा है। इसके साथ ही विपक्ष की ताकत को मजबूती मिल रही है। कहा जा रहा है कि नायब तहसीलदार के अनशन से बात दूर तक जाएगी।*

# बसंत पंचमी पर हुई ज्ञान की आराधना

## विद्या, कला और संगीत की देवी सरस्वती की विधिवत पूजा



**कोरबा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ऋतुराज बसंत के आगमन के साथ ही विद्या, कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की श्रद्धा-भाव से पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विधि-विधान से मां सरस्वती की आराधना कर उनसे विद्या, बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद मांगा।

शहर के शारदा विहार स्थित वंडर कॉटेज स्कूल में सरस्वती पूजा का विशेष आयोजन किया गया, जहां पुरोहित लोकेश शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य रूबी मुखर्जी सहित समस्त शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूजा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और मां सरस्वती की वंदना से परिसर गूंज उठा।

प्राचार्य ने कहा कि हर स्तर पर मार्ग दर्शन करने के मामले में विद्यादायनी अलौकिक रूप से अपनी अनुकंपा देती है, इसलिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से उपासना करनी चाहिए। कोरबा नगर एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों और सांस्कृतिक केंद्रों में भी बसंत पंचमी के अवसर पर विधिवत कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्थानों पर विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, नृत्य, संगीत एवं कविता पाठ जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।इन कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि ज्ञान और बौद्धिक संपदा का कोई विकल्प नहीं है। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और उस पर गर्व करने की प्रेरणा भी दी गई। बसंत पंचमी का यह पर्व कोरबा में श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक चेतना के साथ मनाया गया।

## अंडरपास से प्रभावित लोगों के सामने सिर्फ समस्याएं, आखिर क्या करें

**कोरबा।** जिला प्रशासन और रेलवे के द्वारा 50-50 प्रतिशत राशि आपस में वहन करने के साथ संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास अंडरपास बनाया जाना प्रस्तावित है। एक वर्ष पहले इस क्षेत्र में दुकानों और मकान की तोड़फोड़ की गई लेकिन अब तक प्रोजेक्ट का काम शुरू नहीं हो सका है। लोगों को लगता है कि उनके साथ छलावा किया जा रहा है और उनकी समस्या बढ़ाई जा रही है।

संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग के बार-बार बंद होने और जाम की वजह से लोगों को हो रही परेशानी को दूर करने की इरादे से इसका समाधान अंडरपास के रूप में खोजा गया है। लगभग 31 करोड रुपए इस प्रोजेक्ट पर खर्च किए जाने हैं। जिला प्रशासन कोरबा और रेलवे ने आपस में तय किया है की कुल लागत का आधा-आधा हिस्सा दोनों खर्च करेंगे। प्रोजेक्ट के अंतर्गत आसपास के दायरे में आने वाले 91 प्रभावित लोगों को 3 करोड रुपए की राशि मुआवजा के तौर पर उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही अंडरपास के दायरे में आने वाले ऐसे अनेक मकान और दुकानों को पिछले वर्ष नष्ट कर दिया गया। मौके पर इसके नमूने अभी भी नजर आ रहे हैं।

संजय नगर में अंडरपास प्रभावित लोगों का दर्द इस बात को लेकर है कि लंबे समय से उनके सामने समस्याएं आड़े आई है। उन्होंने किसी तरह यहां वहां रहने का ठिकाना खोजा। जिस उद्देश्य से उन्हें यहां से हटाने का काम किया गया उसे प्रोजेक्ट का कोई अता-पता नहीं है। लोगों की शिकायत है कि जो मुआवजा उन्हें दिया गया है उसमें ना तो जमीन खरीदी जा सकती और ना ही मकान का निर्माण किया जा सकता।

यहां बताना जरूरी होगा कि नगरपालिका निगम के द्वारा रेलवे क्रॉसिंग के एक हिस्से से पाइपलाइन की शिफ्टिंग कर ली गई है जबकि पुल के नीचे के हिस्से का काम अभी भी बचा हुआ है रेलवे ने इसके लिए अनुमति नहीं दी है। जबकि कई बार उससे पत्राचार हो चुका है। वही प्रभावित क्षेत्र के कुछ लोगों के मामले हाईकोर्ट में लंबित थे और इस पर विवाद कायम है। छत्तीसगढ़ सेतु निगम को अंडरपास निर्माण के लिए एजेंसी बनाया गया है जिसने टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली है। दुर्गा की एक कंपनी को यह काम दिया गया है। लोग इंतजार कर रहे हैं कि कोरबा के प्रथम रेल अंडरपास का काम आखिर कब शुरू होता है और कितने वर्ष में पूरा हो सकेगा

## हाउसिंग बोर्ड कालोनी में होगा भोग वितरण

**कोरबा।** आज सरस्वती पूजा के अवसर पर भाजपाईयों के द्वारा अनेको कार्यक्रम आयोजित किए गए है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी में शाम को भोग वितरण किया जाएगा। इस दौरान कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर , मिलाप राम, पुनीराम साहू मंजू सिंह मनोरमा शर्मा सरस्वती पटेल सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। गेवरा बस्ती स्थित सरस्वती स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित है। यहां पर मनीष मिश्रा, भोगवती राजन, लखन राठौर, सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। कोसाबाड़ी नगर मंडल के कार्यकर्ता दादर स्थित स्कूल में जाकर कार्यक्रम में शामिल होगें।

## वेतन मानने वृद्धि होने पर संविदा कर्मियों में हर्ष

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा संविदा के आधार पर काम कर रहे है। कर्मियों को वेतन मानने वृद्धि करने की मांग की जा रही थी। इसके अलावा इनके नियमिती करण को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। बिलजी कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे थे। रायुपर में प्रदर्शन करने के बाद वें वर्क टू रूल आंदोलन में शामिल हो रहे थे। वेतन मान में वृद्धि होने की घोषणा पर बिजली कर्मचारी महासंघ के राधेश्याम जायसवाल ,नवरत्न बरेठ,अमर राठौर, अजय मिश्रा, कमल यादव ने हर्ष व्यक्त किया है। अब बिजली कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता आज अन्य मांगो को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगें।

## देश भक्ति गीत आज

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर स्थित मनोरंजन क्लब में देश भक्ति गीत आयोजित किया गया है। जिसमें जिले भर गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनोरंजन क्लब के भूषण नारंगे , मिनी लाल, राजेश पिल्ले, रामलाल साहू, डी रविन्द्र के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## शिष्टा व काउसिंल का चल रहा सदस्यता अभियान

**कोरबा।** एसईसीएल में पांच श्रमिक संगठनों के अलावा शिष्टा व अजा काउसिंल के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान चला रहे है। पिछले दिनों शिष्टा क सम्मेलन रांची में आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे विजय मिरी दिनेश बंजारे छत राम डहारू राम कुर्रे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए । रांची सम्मेलन में सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। शिष्टा के लोगों का कहना है कि सभी क्षेत्रों में आई आर चालू है। कोयला कामगारों का काम लगातार किया जा रहा है। अजा काउसिंल के एसईसीएल महामंत्री ए विश्वास कुसमुडा के विरेन्द्र टडन जवाहर मार्को गेवरा के राम कुमार बर्मन रामकुमार साहु भी सक्रिय हो गए है। पूरे एर्ससीएल क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है रामकुमार बर्मन ने बताया कि गेवरा क्षेत्र में समस्याओं पर प्रबंधन के साथ चर्चा हो रही है।

# कोर्ट के सामने कोयला लोड वाहन पलटा, मची अफरातफरी

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक खदान से कोयला लोड कर गणतंत्र को जा रहा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर कटघोरा में छिर्रा स्थित कोर्ट के सामने पलट गया। इससे कोयला सड़क के आसपास बिखर गया और यहां अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया।



बताया गया कि हादसे के समय पिकअप वाहन में चार लोग सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रेलर के पलटने और कोयले के बिखरने का दृश्य साफ देखा जा सकता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर तेज रफ्तार में था और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह दुर्घटना हुई। कोयला सड़क पर फैल जाने के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत कटघोरा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए सड़क से कोयला हटवाने और यातायात सामान्य करने की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है

## पीआईसी बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी क्षेत्र में पीआईसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्माण कार्य को लेकर विचार विर्मश किया गया। कई वार्डो में अनेको काम कराण जाने है। खास करपेय जल की समस्या पर ज्यादा चर्चा की गई। आगे की रूप रेखा को तैयारी की गई। बैठक में अध्यक्ष पदमिनी देवांगन ,उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी ,कांता देवांगन, सुशीला बिझंवार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## पताड़ी धाम में लगेगा मेला

**कोरबा।** पताड़ी धाम में तीन दिवसीय मेला लगाने के लिए जोर शोर तैयारी की जा रही है। माघी पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले इस मेले में सौगंवा क्षेत्र के लोग आते है। पिछले दिनों समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लखन लहरे, आनंद सोनवानी गैस राम मिरी कमलेश अनंत गणेश बघेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई। तीन दिनों तक अवले वाले इस मेले में अलग अलग अतिथि बुलाए जाते है। इस मेले का महत्व काफी बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा पिछले दिनों बाउड्रीवाल निर्माण कार्य भी शुरू किया गया है।

***कोरबा।** शहर की खस्ताहाल कुछ सड़कों को ठीक करने का काम किया गया है, जबकि कई स्थानों पर समस्याएं मौजूद हैं। इसके चलते लोगों को आवागमन करने में लोगों को मुश्किल हो रहा है।

# वेदांता ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कर्मचारियों को दिया भारत का सबसे बड़ा 2,500 करोड़ का इक्विटी ग्रांट

**कोरबा।** भारत की अग्रणी कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के लिए एम्पलॉयी स्टॉक ऑप्शन स्कीम (ईएसओपी) के जरिए पिछले पाँच वर्षों में लगभग 2,500 करोड़ रुपए का आर्थिक लाभ पैदा किया है। यह भारत में कर्मचारियों के लिए संपत्ति निर्माण की सबसे बड़ी पहलों में से एक है। हाल ही में ईएसओपी 2025 के तहत 500 करोड़ रुपए से अधिक के स्टॉक विकल्प दिए गए, जिससे 1,200 नए कर्मचारियों को फायदा मिला। इनमें फ्रेशर्स भी शामिल हैं।



वेदांता का ईएसओपी मॉडल देश के सबसे समावेशी मॉडलों में से एक है। यह कंपनी के लगभग 40% कर्मचारियों को कवर करता है, जिसमें प्लांट, फंक्शन और सभी करियर स्तर शामिल हैं। 20 वर्षों से अधिक समय से ईएसओपी को अपनाने के कारण कर्मचारी स्वामित्व वेदांता की कार्य संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। यह योजना खासतौर पर फ्रेशर्स और शुरुआती करियर वाले कर्मचारियों के लिए भी है। वे तीन साल के वेस्टिंग पीरियड में अपने वार्षिक वेतन के लगभग 30% तक ईएसओपी पाने के पात्र होते हैं। इस तरह वेदांता उन चुनिंदा कंपनियों में शामिल है जो फ्रेशर्स को भी रिकॉर्ड समय में ईएसओपी देती हैं।

वेदांता के ईएसओपी योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि भारी छूट के बाद शेयर सिर्फ 1 रुपए की फेस वैल्यू पर दिए जाते हैं। इससे कम निवेश में भी कर्मचारी कंपनी के साझेदार बनते हैं और लंबे समय में संपत्ति बना पाते हैं। बीते वर्षों में शेयर कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। खासकर अब जब वेदांता के शेयर ऑल-टाइम हाई पर हैं, ईएसओपी ने हजारों कर्मचारियों को अपने बड़े सपने पूरे करने में मदद की है जैसे घर खरीदना, बच्चों की पढ़ाई, पहली कार लेना, परिवार की ज़रूरतें पूरी करना और भविष्य के लिए बचत करना इत्यादि।

इस अवसर पर नीरज कुमार, मैनेजर, स्मेल्टिंग ऑपरेशन्स, हिंदुस्तान ज़िंक ने कहा कि जब मेरे परिवार को पटना में घर के रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत पैसों की ज़रूरत थी, तब एम्पलॉयी स्टॉक ऑप्शन स्कीम मेरे बहुत काम आया। तीन साल पहले मिले इन विकल्पों की ताकत मुझे तब समझ आई, जब शेयर रिकॉर्ड स्तर तक पहुँचे। सही समय पर इस्तेमाल करके मैं अपने परिवार का सपना पूरा कर सका। मेरे पिता को भी इस बात पर गर्व हुआ कि मेरी कंपनी मेरे साथ खड़ी है। बहुत की कम कंपनियां ऐसी होती हैं जो अपने कर्मचारियों को सम्पत्ति बनाने के ऐसे समावेशी अवसर प्रदान करती हैं। ईएसओपी 2022 की हालिया वेस्टिंग साइकिल में शेयर कीमतों में लगभग 80% की बढ़ोतरी हुई, जिससे कर्मचारियों के लिए 300 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति बनी। यह कंपनी के प्रदर्शन और कर्मचारियों को मिलने वाले लाभ के बीच मजबूत संबंध को दिखाता है।

यह वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के उस विज़न को दर्शाती है, जिसमें कर्मचारियों को सशक्त बनाना, बेहतर करियर ग्रोथ देना और खासकर युवा पेशेवरों व महिलाओं को समान आर्थिक अवसर उपलब्ध कराना शामिल है। हजारों कर्मचारियों के लिए ईएसओपी एक मज़बूत आर्थिक सहारा बन गया है, जो आपातकालीन ज़रूरतों और लंबी अवधि की योजनाओं, दोनों में मदद करता है। बालको में क्वालिटी मैनेजमेंट के एसोसिएट जीएम एस.एम. रहमान कासिम ने कहा कि एम्पलॉयी स्टॉक ऑप्शन स्कीम ने मुझे अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक आत्मविश्वास दिया। मेरा एक बेटा रूस में एमबीबीएस कर रहा है और दूसरा गुवाहाटी में पढ़ रहा है। इस योजना की वजह से मैं बिना किसी तनाव के उनकी ज़रूरतें पूरी कर पा रहा हूँ। वेदांता की ईएसओपी योजना प्रदर्शन से जुड़ी हुई है और ऑटोमेशन, डिजिटलाइजेशन, एआई आधारित नवाचार, संचालन उत्कृष्टता और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योगदान को पहचानती है। स्टरलाइट कॉपर में फाइनेंस के एसोसिएट मैनेजर नीलेश भोर ने बताया कि जब मेरे पिता की कार का एक्सीडेंट हुआ और इंश्योरेंस क्लेम खारिज हो गया, तब एम्पलॉयी स्टॉक ऑप्शन स्कीम हमारे लिए लाइफलाइन साबित हुआ। कार की मरम्मत का बड़ा खर्च इसी से पूरा हो सका।

वेदांता भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में मुआवज़े की परंपरा को बदल रही है। कंपनी इंजीनियरों, युवा पेशेवरों, प्लांट टीमों और मिडिल मैनेजमेंट को इक्विटी ओनरशिप दे रही है, जिन्हें आमतौर पर अन्य उद्योगों में ऐसे लाभ नहीं मिलते। इसके ज़रिए वेदांता ने यह भरोसा मजबूत किया है कि कंपनी के मूल्य निर्माण में योगदान देने वाले कर्मचारियों को उसका सीधा लाभ मिलना चाहिए।

# आयरन पुल की चोरी, फरार आरोपियों की खोज का काम जारी



**कोरबा।** जल संसाधन विभाग के द्वारा ढोड़ीपारा क्षेत्र में रसियन हॉस्टल के पास निर्मित आयरन पुल को गैस कटर की मदद से कटने के साथ चोरी करने के मामले में फरार चल रहे 10 आरोपियों की खोज स्थानिक पुलिस कर रही है जबकि पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गत 19 जनवरी की रात इस घटना को कबाड़ चोरों ने अंजाम दिया था।

इस प्रकरण में आसपास के 15 सदस्यी गिरोह ने भूमिका निभायी। इनमें कुछ शातिर बदमाश थे और कुछ उसके सहयोगी। पुलिस ने बताया कि मामले में 10 आरोपी फरार चल रहे हैं। उनकी खोजबीन के लिए टीमें सक्रिय की गई है। स्थानीय गुप्तचरों के अलावा दूसरे डिवाईस के आधार पर तलाशी का काम चल रहा है। जबकि शुरूआती जांच के साथ 5 अहम आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और कुछ माल जप्त कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में मुकेश साहू बरबटी भी शामिल हैं। इससे पहले कई प्रकरणों में उसकी भूमिका स्पष्ट हुई है। पुलिस ने बताया कि कबाड़ गिरोहों पर लगातार सख्ती की जा रही है। ढोढ़ीपारा घटना के बाद सभी क्षेत्रों में उन कबाड़ चोरों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ायी जा रही है जो लंबे समय से इस काम में शामिल रहे है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com